


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 195

ग्वालियर, मंगलवार, 05 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## इमरान खान के संसद भंग कर आम चुनाव कराने के फैसले पर विपक्षी दल भड़के

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सियासी घमासान के बीच कार्यवाहक प्रधानमंत्री इमरान खान के देश में संसद को भंग करके आम चुनाव कराने के फैसले पर देश के विपक्षी दल भड़क उठे हैं और सुप्रीम कोर्ट से न्याय की मांग की है। पाकिस्तान की प्रमुख विपक्षी पार्टी पीएमएल एन के नेता शाहबाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में नागरिक मार्शल लॉ लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इमरान खान का कदम संविधान विरोधी है। वहीं बिलावल भुट्टो ने कहा कि इमरान खान ने संविधान का गला घोंटा है और साजिश के तहत कानून को तोड़ा गया। बिलावल भुट्टो ने कहा, इमरान खान ने पाकिस्तान के साथ साजिश की है। इमरान खान ने डिप्टी स्पीकर के साथ मिलकर संवधिान को तोड़ा है। हमारा सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध है कि आपके फैसले मुल्क का इतिहास लिखा जाएगा। आप यह साबित करिए कि संविधान कागज का टुकड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि इमरान खान की सत्ता खत्म होने से देश में जश्न का माहौल है। बिलावल ने कहा कि इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई के सदस्यों ने पाकिस्तान के संविधान को चुनौती दी है। पाकिस्तान के विपक्षी दलों का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब देश के सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के खिलाफ नेशनल असेंबली में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज



किए जाने और खान की सिफारिश पर सदन भंग करने को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी दिए जाने के मामले पर सोमवार को सुनवाई होगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने देश में मौजूदा राजनीतिक हालात पर स्वतः संज्ञान लिया था। देश के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने इमरान खान की सिफारिश पर नेशनल असेंबली (एनए) को भंग कर दिया है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने कहा है कि संघीय मंत्रिमंडल को भंग कर दिया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री इमरान खान संविधान के अनुच्छेद 224 के तहत अपने कर्तव्यों को जारी रखेंगे। इससे पहले रविवार को, नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष कासिम सूरी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ बहुप्रतीक्षित अविश्वास प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह संविधान के अनुच्छेद 5 के विपरीत है। बर्खास्तगी के कुछ ही मिनटों बाद एक टेलीविजन संबोधन में, खान ने घोषणा की कि उन्होंने राष्ट्रपति अल्वी को सभी असेंबली को भंग करने की सलाह दी थी, जिससे मध्यावधि चुनाव का मार्ग प्रशस्त हुआ। राष्ट्रपति ने प्रस्ताव पर ध्यान देते हुए नेशनल असेंबली को भंग कर दिया और सूत्रों के अनुसार 90 दिनों की अवधि के भीतर चुनाव होंगे। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने देश में राजनीतिक उठा पटक होने के कुछ घंटों की अवधि के बाद जियो न्यूज को कहा कि रविवार को जो हुआ, उससे पाकिस्तानी सेना का कोई लेना-देना नहीं है।

## तेलंगाना के दिग्गज पार्टी नेताओं से मिलेंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली में तेलंगाना के पार्टी नेताओं से मुलाकात करेंगे। शाम 5 बजे होने वाली बैठक में तेलंगाना कांग्रेस करीब 30 वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। एक सूत्र के मुताबिक राहुल



गांधी वरिष्ठ नेताओं के साथ राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन करेंगे। बैठक के दौरान राज्य में धान की खरीद के मुद्दे पर पर भी चर्चा होगी। तेलंगाना के पार्टी नेताओं के साथ राहुल गांधी की बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्यूंकि राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव 2024 लोकसभा में गैर बीजेपी, गैर कांग्रेस नेतृत्व में पार्टियों की गोलबंदी की कोशिश कर रहे हैं। तेलंगाना में अगले साल के अंत में चुनाव है। पिछली बार कांग्रेस में तेलेगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया था, लेकिन तेलंगाना राष्ट्र समिति की केसीआर सरकार की वापसी रोक नहीं पाई थी। इससे पहले हाल में राहुल गांधी ने हरियाणा, दिल्ली और कर्नाटक के पार्टी नेताओं से मुलाकात की थी।

## गोरखनाथ मंदिर और सीएम योगी को बम से उड़ाने की मिली थी धमकी

**गोरखनाथ।** इसी साल फरवरी महीने के पहले हफ्ते में गोरखनाथ मंदिर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। चार फरवरी की रात लेडी डॉन नामक एक ट्विटर हैंडल से किए गए ट्वीट में मेरठ और लखनऊ के विधानसभा में भी बम धमाके की धमकी दी गई थी। इसके बाद पुलिस अफसरों ने एहतियातन गोरखनाथ मंदिर में चेकिंग कराई थी। रविवार की देर शाम गोरखनाथ मंदिर के मुख्य गेट पर सुरक्षा में तैनात पीएसी के दो जवानों पर धारदार हथियार लेकर एक सिरफिरे ने हमला कर दिया। स?थानीय पुलिस के साथ एटीएस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर और ज्यादा सतर्कता बरतने का दावा किया था। धमकी देने वाले के खिलाफ पुलिस ने केस भी दर्ज किया था। तलाश में एक टीम भी गई थी पर वह पकड़ा नहीं गया और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। गत चार फरवरी की रात एक में एक के बाद एक कर तीन ट्वीट किए गए। लेडी डॉन नामक एक ट्विटर हैंडल से किए गए पहले ट्वीट में लिखा था कि यूपी विधानसभा लखनऊ, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर बम लगा दिया गया है। यह भी लिखा गया कि योगी आदित्यानाथ की भी हत्या हो जाएगी। एक घंटे बाद भीम सेना की अध्यक्ष सीमा सिंह योगी आदित्यनाथ को मानव बम बनकर मारेंगी। राशिद ने बम लगा दिया है। इसके बाद ही पुलिस हरकत में आ गई।

# चीन में कोरोना से त्राहिमाम, भारत ने पहले ही भांपा रिस्क फैक्टर

- चीन में कोरोना के 13,146 नए मामले, पहली लहर की पीक के बाद सबसे अधिक
- शंघाई में हालात खराब, अस्पतालों में मरीजों को एडिमिट के लिए जगह नहीं बची



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले जहां कम हो रहे हैं वहीं, चीन कोरोना से त्राहिमाम कर रहा है। चीन के दो दर्जन से अधिक प्रांत में कोरोना संक्रमण फैल चुका है। चीन में कोरोना संक्रमण के 13,146 नए मामले सामने आए हैं। कोरोना की पहली लहर की पीक के बाद से यह सबसे अधिक संक्रमण है। कोरोना की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चीन के वित्तीय शहर शंघाई में लॉकडाउन के बावजूद हालात खराब है। यहां अस्पतालों में कोरोना संक्रमित मरीजों को एडिमिट करने के लिए जगह नहीं बची है। इन सब के बीच देश में कोरोना को लेकर हालात पूरी तरह से काबू में नजर आ रहे हैं। देश में 24 घंटे के दौरान कोरोना के 1,096 नए मामले ही सामने आए। कोरोना की पिछली लहरों से सबक लेते हुए भारत ने चीन से कोरोना के संभावित खतरे को पहले ही भांप लिया था। भारत ने दो साल बाद पिछले महीने 28 मार्च से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के अनुमति दी थी। हालांकि, इसमें चीन की उड़ानों को शुरू नहीं किया गया है। इससे पहले चीन से जो भी उड़ानें भारत आ रही हैं वह पूरी तरह से बायो बबल के तहत आ रही हैं। दो साल के लंबे अंतराल के बाद देश से 40 देशों के लिए 6 भारतीय विमानन कंपनियों के साथ विदेशी एयरलाइन की 1783 साप्ताहिक उड़ानों को अनुमति दी गई। भारत ने 23 मार्च 2020 को अपनी नियमित इंटरनेशनल उड़ानों पर रोक लगाई थी। हालांकि, दो दर्जन से अधिक देशों के साथ एयर बबल के साथ स्पेशल फ्लाइट का संचालन किया जा रहा था। इस वजह से कोरोना संक्रमण के चीन से आने की आशंका काफी कम हो गई। चीन की सबसे बड़े शहर शंघाई में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं, लाखों लोग लॉकडाउन के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 438 नये मामलों की पुष्टि हुई है। साथ ही, 7,788 ऐसे मामले भी सामने आये हैं, जिनमें संक्रमण के लक्षण नहीं थे। यह दोनों ही मामले कल की तुलना में थोड़े ज्यादा हैं। दैनिक मामले चीन में 2019 के अंत में वुहान में मिले मामलों के बाद सबसे ज्यादा हैं। शंघाई में 2.6 करोड़ की आबादी दो चरणों में लॉकडाउन का सामना कर रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि ब्रिटेन में पहली बार मिला ओमीक्रोन का नया स्वरूप कोरोना वायरस के पिछले स्वरूपों की तुलना में अधिक संक्रामक प्रतीत होता है।

## अगर मुसलमान पीएम बने तो 50 फीसदी हिन्दू कबूल कर लेंगे इस्लाम नरसिंहानंद का विवादित बयान



**नई दिल्ली।** विवादित बयानों और टिप्पणियों के लिए प्रसिद्ध डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती अपनी इस एक और टिप्पणी के साथ विवाद खड़ा कर दिया है कि अगर कोई मुसलमान भारत का प्रधानमंत्री बनता है तो 20 सालों में 50 प्रतिशत हिंदू धर्मांतरित हो जाएंगे। दिल्ली में आयोजित की गई एक %हिंदू महापंचायत को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदुओं को अपने अस्तित्व के लिए लड़ने के लिए हथियार उठाने का भी आह्वान किया। इस हिंदू महापंचायत का आयोजन बुराड़ी मैदान में उसी समूह द्वारा किया गया था, जिसने पहले हरिद्वार में और राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर इसी तरह के विवादास्पद कार्यक्रम आयोजित किए थे, जहां मुस्लिम विरोधी नारे लगाए गए थे। इस हिंदू महापंचायत के लिए दिल्ली प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। रविवार के कार्यक्रम में कई अन्य हिंदूवादी नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। नरसिंहानंद फिलहाल हरिद्वार में दिए गए अभद्र भाषण मामले में जमानत पर हैं। उन्होंने कहा कि केवल 2029 में या 2034 में या 2039 में एक मुसलमान प्रधानमंत्री बन जाएगा। एक बार मुसलमान पीएम बन जाएगा तो 50 प्रतिशत हिंदू धर्मांतरित हो जाएंगे, 40 प्रतिशत मारे जाएंगे और शेष 10 प्रतिशत अगले 20 वर्षों में शिविरों या अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहेंगे जिसमें आरोप लगाया गया था कि हिन्दू महापंचायत में एक हिंदू भीड़ द्वारा दो युवा मुस्लिम मीडियाकर्मियों पर हमला किया गया था और उन्हें हिरासत में भी लिया गया था।

## तीखे हुए सूर्यदेव के तेवर, बढ़ने लगा गर्मी का प्रकोप, बिजली खपत बढ़ी, एसी कंपनियों की चांदी



**नई दिल्ली।** पश्चिमी राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के कुछ-कुछ इलाकों में रविवार को भीषण गर्मी का अहसास हुआ। वहीं, पूर्वी राजस्थान और झारखंड के कुछ-कुछ इलाकों में भी भीषण गर्मी महसूस की गई। राजस्थान का बाड़मेर रविवार को देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने भविष्यवाणी की है कि अगले पांच दिन तक झारखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी का अहसास किया जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता 69 प्रतिशत से 14 प्रतिशत के बीच रही। आईएमडी के अधिकारियों ने कहा कि लगातार शुष्क मौसम रहने के कारण उत्तर पश्चिम भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने 3 से 6 अप्रैल के बीच कुछ स्थानों पर भीषण लू चलने का पूर्वानुमान जताया है। एयर कंडीशनर (एसी) कंपनियों को उम्मीद है कि पारा चढ़ने के साथ ही मांग बढ़ने से इस वर्ष उनकी बिक्री में दहाई अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी। हालांकि, उनका कहना है कि घरेलू एयर कंडीशनर के दाम करीब पांच फीसदी बढ़ सकते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हाल में कहा था कि इस वर्ष अप्रैल और मई माह में तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। इससे उत्साहित एसी मैन्युफैक्चरर कंपनियां वोल्टास, हिताची, एलजी, पैनासॉनिक और गोदरेज अप्लायंसेज का मानना है कि इस बार मांग बढ़ेगी। इससे पहले दो साल कोविड-19 के कारण बाजार में बाधा पैदा हो गई थी। कुछ कंपनियों का कहना है कि इस मौसम में एसी की अधिक मांग होने के कारण एसी और ठंडक प्रदान करने वाले अन्य उत्पादों की कमी हो सकती है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माता संघ (सीईएएमए) ने उम्मीद जताई कि गर्मियों के इस मौसम की साल की कुल बिक्री में हिस्सेदारी 35 से 40 फीसदी हो सकती है।

## यूक्रेन मे हमले की भयावह तस्वीर सामने आई, एक साथ दिखे 21 लोगों के शव

### मारने से पहले महिलाओं के साथ किया गया दुष्कर्म

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन पर हो रह लगातार हमले की बीच एक बेहद भयावह तस्वीर सामने आई। दरअसल, यूक्रेन के शहर बुचा में दर्जनों शव एक साथ देखने को मिले जिससे वहां के निवासियों के पैरो तले जमीन खिसक गई। वही यूक्रेन के अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र से लौटने से पहले सेना ने युद्ध अपराधों को अंजाम दिया है और वह अपने पीछे एक भयावह मंजर छोड़ गए हैं। यूक्रेन के शहर बुचा से इन शवों की तस्वीरें सामने आने के बाद यूरोपीय नेताओं ने अत्याचार की निंदा की और रूस के खिलाफ सख्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया। जर्मनी



की रक्षा मंत्री क्रिसटीन लैम्ब्रेक्ट ने यूरोपीय संघ से रूसी गैस पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करने का आग्रह किया है। जानकारी के मुता?बिक राजधानी के उत्तर-पश्चिम में बुचा के आसपास विभिन्न स्थानों पर कम से कम 21 लोगों के शव देखे जिसमें से नौ लोगों के शव एक-साथ देखे, सभी के कपड़ों से उनके असैन्य नागरिक होने का पता चल रहा था। शव ऐसी जगह पड़े थे, जिसके बारे में निवासियों का कहना है कि रूसी सैनिकों ने इसे अपना अड्डा बना रखा था। इनमें से कम से कम दो के हाथ बंधे थे, एक शव पर सिर में गोली लगने और दूसरे के पांव में गोली लगने के निशान थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने हत्याओं के लिए पूरी तरह से रूसी सैनिकों को जिम्मेदार ठहराया है और राष्ट्रपति वोलोदोमिर जेलेंस्की ने इसे नरसंहार का सबूत बताया। वहीं रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि मारे जाने से पहले कुछ महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था और उसके बाद रूसियों ने उनके शवों को जला दिया। उधर दूसरी तरफ, रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शवों की तस्वीरें और वीडियो का प्रबंध कीव शासन ने पश्चिमी मीडिया के लिए किया है।

## राज ठाकरे से मिले केंद्रीय मंत्री गडकरी, लगने लगीं भाजपा के साथ जाने की अटकलें

**मुंबई।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने 3 अप्रैल को मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की। इस बारे में पूछे जाने पर नितिन गडकरी ने कहा यह एक व्यक्तिगत मुलाकात थी, इसके राजनीतिक मायने नहीं निकाले जाएं। केंद्रीय मंत्री ने कहा मनसे प्रमुख के साथ उनके पुराने पारिवारिक रिश्तें हैं। वह राज ठाकरे के निमंत्रण पर उनके मिलने पहुंचे थे। नितिन गडकरी ने पत्रकारों से कहा यह राजनीतिक मुलाकात नहीं थी. राज ठाकरे और उनके परिवार के साथ मेरा रिश्ता 30 साल पुराना है। मैं उनका नया घर देखने और उनकी माता जी का कुशल-क्षेम जानने





आया था। यह एक फेमिली विजिट थी, न कि पॉलिटिकल। भले ही नितिन गडकरी इस मुलाकात के राजनीतिक मायने निकालने से मना कर रहे हैं, लेकिन महाविकास अघाड़ी सरकार की खुलेआम आलोचना कर रहे राज ठाकरे से उनकी मुलाकात के बाद अटकलबाजियों का दौर शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र की आगामी महानगरपालिका चुनाव के लिए भाजपा और मनसे गठबंधन कर सकते हैं। राज ठाकरे से नितिन गडकरी की मुलाकात को इससे जोड़कर देखा जा रहा है। हाल के दिनों में राज ठाकरे महाराष्ट्र की उद्धव सरकार के मुखर आलोचक बनकर उभरे हैं। नितिन गडकरी से मुलाकात के एक दिन पहले ही उन्होंने शिवाजी पार्क में मनसे के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाविकास अघाड़ी सरकार पर हमला बोला था। राज ठाकरे ने कहा था कि शिवसेना ने भाजपा के साथ गठबंधन में पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन सरकार विरोधी दलों के साथ मिलकर बनाई।

## खास खबर

### हिजाब पहनने वाली शिक्षिका की नहीं लगेगी परीक्षा ड्यूटी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में हिजाब पहनने वाली शिक्षिकाएं परीक्षा की ड्यूटी से बाहर रहेंगी। कर्नाटक सरकार ने फैसला किया है कि हिजाब पहनने वाले स्कूल और कॉलेज की शिक्षिकाओं को सेकेंडरी स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एसएसएलसी) के साथ-साथ प्री-यूनिवर्सिटी (पीयू) परीक्षा ड्यूटी पर नहीं रखा जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने पुष्टि की कि सरकारी कर्मचारियों के लिए कोई ड्रेस कोड नहीं है। बीसी नागेश ने कहा कि चूंकि छात्रों के लिए परीक्षा हॉल के अंदर हिजाब की अनुमति नहीं है। नैतिक रूप से सही होने के लिए हम उन टीचर्स को मजबूर नहीं कर रहे हैं जो हिजाब पहनने पर जोर देते हैं। ऐसे शिक्षिकाओं को परीक्षा ड्यूटी से मुक्त करने का फैसला लिया गया है। कर्नाटक में एसएसएलसी परीक्षाएं चल रही हैं और अप्रैल के मध्य में समाप्त होंगी और प्री-यूनिवर्सिटी (पीयू) परीक्षाएं इस महीने के अंत में शुरू होंगी। पिछले हफ्ते मैसूर जिले में एसएसएलसी परीक्षा निरीक्षण कार्य के लिए तैयार की गई एक शिक्षिका को कथित तौर पर हिजाब पहनने पर जोर देने के बाद ड्यूटी से हटा दिया गया था।

### कोरोना भाग रहा! 1,000 से कम मिले नए केस

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना अब भाग रहा है। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के केवल 913 नए मामले सामने आए। लगभग दो साल के बाद देश में इतने कम मामले मिले हैं। इससे पहले 18 अप्रैल 2020 को 1000 कोरोना केस पाए गए थे। भारत में इस समय 12,597 ऐक्टिव मरीज हैं जो कि दो साल में सबसे कम हैं। इससे पहले 18 अप्रैल 2020 को 13 हजार सक्रिय मामले थे। बीते एक दिन में जहां कु 913 नए केस रिपोर्ट हुए वहीं कोरोना की वजह से 13 लोगों की जान भी चली गई। सोमवार को 1316 लोग संक्रमणमुक्त हुए। 727 दिनों में यह सबसे कम मौत का आंकड़ा है। 8 अप्रैल 2020 के बाद कोरोना ने इससे कम जान नहीं ली। देश में कोरोना के मामलों में तेजी से गिरावट को देखते हुए अब कई राज्य प्रतिबंधों में ढील दे रहे हैं। तमिलनाडु सरकार ने राज्य में कोरोना से जुड़े सारे प्रतिबंध हाटने का ऐलान कर दिया है। बता दें 1 अप्रैल से केंद्र सरकार ने भी डिजास्टर मैनेजमेंट ऐक्ट हटा लिया है। हालांकि मास्क पहनने और सोशल डिस्टैंसिंग का पालन करने की सलाह दी गई थी। हरियाणा सरकार ने मास्क पहनने की भी अनिवार्यता खत्म कर दी है। महाराष्ट्र सरकार ने 2 अप्रैल से कोरोना प्रतिबंध हटा दिया।

### चुनावी तैयारियों की बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिर एक बार आएंगे गुजरात

**अहमदाबाद।** गुजरात में इस साल के अंत में होनेवाले चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं इन सबके बीच भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेताओं के गुजरात दौरे बढ़ गए हैं इस दिशा में अब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिर एक बार गुजरात दौरे की खबर है खबर है कि अमित शाह 9 अप्रैल को अहमदाबाद आएंगे 10 अप्रैल और 11 अप्रैल को अमित शाह अहमदाबाद और गांधीनगर में होनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे 10 अप्रैल को अमित शाह नवनिर्मित गुजकोमासोल भवन का लोकार्पण करने के बाद एक बैठक करेंगे गांधीनगर स्थित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के कार्यक्रम में शामिल होंगे इसके अलावा नेशनल फोरेंसिक सायंस यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में भी अमित शाह शिरकत करेंगे।

### कार और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर, दो की मौत, चार घायल

**होशियारपुर।** होशियारपुर से बजवाड़ा जाने वाले रिंग रोड पर बजवाड़ा की ओर जा रही कार और सामने से होशियारपुर की ओर आ रहे ट्रक में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए, जबकि 2 लोगों की मौत हो गई। कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर जिम्पा ने सिविल अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना। बताया जाता है कि कार पहले एक बाइक सवार से टकराई, फिर ओवरटेक करते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार में सवार 5 व्यक्ति और बाइक सवार गंभीर घायल हो गए, जिनमें बाइक सवार की मौत हो गई। भाजपा नेता संजीव तलवाड़ ने अपनी गाड़ी में घायल हर्षित को अस्पताल पहुंचाया और इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मरने वाला बाइक सवार ए.एस.आई. गुरदियाल सिंह पुत्र बेअंत सिंह निवासी मुरादपुर नरियाल पी.आर.टी.सी. जहानखेलां का मुलाजिम था और वह छुट्टी के बाद अपने घर जा रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक अमृतसर का है और खाली है। पुलिस ने ट्रक, कार व बाइक को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

## न्यूज़ ट्रैक....

### हैली बनी महिला विश्वकप टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**क्राइस्टचर्च** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला विश्वकप क्रिकेट मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 170 रनों की रिकार्ड पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलिसा हीली को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करार दिया है। अपनी इस पारी के साथ ही हीली ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान कारेन रोल्टन (2005), इंग्लैंड की क्लेरी टेलर (2009), न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (2013) और इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट (2017) के विशेष क्लब में शामिल हो गयी हैं। हीली ने न्यूजीलैंड में खेले गये इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 509 रन बनाए। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में शतक लगाये और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हीली ने बल्लेबाजी के दौरान 56.55 की औसत से रन बनाए और विकेटकीपर के तौर पर चार कैच पकड़ने के साथ ही चार स्टंप आउट भी किए। हीली को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनने वाले आईसीसी के छह सदस्यीय पैनल में लिसा स्टालेकर, नासिर हुसैन और नताली गेरमानोस जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल थे।

### केकेआर से जुड़े कमिंस , मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच खेलेंगे

मुम्बई (ईएमएस)। तेज गेंदबाज पैट कमिंस अपनी आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से जुड़ गये हैं। कमिंस के शामिल होने से केकेआर की गेंदबाजी और मजबूत हुई है। कमिंस की क्वारंटीन अवधि भी पूरी हो गयी है और अब वह 6 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से होने वाले मैच में खेलेंगे। अभी केकेआर टीम अपने 3 में से दो मैच जीतकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। कमिंस की वापसी से मुख्य कोच ब्रैंडन मैक्कलुम काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि कमिंस ऐसे खिलाड़ी हैं, जो माहौल के अनुरुप ढ़ल जाते हैं। वह एक अच्छे नेतृत्वकर्ता भी हैं। ऐसे उनके रहने से कप्तान श्रेयस अय्यर को भी रणनीति बनाने में सहायता मिलेगी। कमिंस की वापसी से केकेआर के लिए अपनी अंतिम ग्यारह का चयन कठिन हो सकता है। इसका कारण है कि गैरहाजिरी में तेज गेंदबाज टिम साउदी ने केकेआर की ओर से शानदार गेंदबाजी की है। इसपर कोच मैक्कुलम ने कहा, हमारे लिए अब चयन आसान नहीं रहेगा क्योंकि अब अंतिम ग्यारह के लिए हमारे पास काफी खिलाड़ी होंगे, मेरी नजर में यह समस्या होना टीम के लिए अच्छा रहेगा।

### आईपीएल में मिली रकम से घर खरीदेंगे तिलक

**मुम्बई** । आईपीएल के 15 वें सत्र में मुंबई इंडियंस की ओर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने सभी का ध्यान खींचा है। तिलक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मैच में 61 रनों की शानदार पारी खेली थी। इस युवा खिलाड़ी को मुम्बई ने नीलामी में 1.7 करोड़ रुपए में खरीदा था। इस बल्लेबाज ने भी अब तक अपने प्रदर्शन से प्रबंधन के भरोसे को बनाये रखा है। बेहद कमजोर आर्थिक हालातों के बीच में से निकले तिलक ने कहा कि अब वह अपने परिवार के लिए एक घर खरीदना चाहता है। तिलक ने कहा कि हमें बहुत सारी आर्थिक कठिनाइयां सहनी पड़ी हैं। मेरे पिता को बेहद कम कमाई में मेरे क्रिकेट खर्च के साथ-साथ मेरे बड़े भाई की पढ़ाई का भी ध्यान रखना पड़ता था। पिछले कुछ वर्षों में कुछ प्रायोजकों और मैच फीस के साथ, मैं बस अपने क्रिकेट खर्च का ध्यान ही रख सकता था। हमारे पास अभी भी घर

# आईपीएल में शुरु हुआ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स का मुकाबला



**नई मुंबई** । आईपीएल के 15 वें सत्र में सोमवार को कप्तान लोकेश राहुल की लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला केन विलियमसन की सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। राहुल की टीम का लक्ष्य इस मैच को जीत कर अपनी जीत की लय बरकरार रखना चाहेगी। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में जीत से टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। लखनऊ को हालांकि अपने पहले मैच में गुजरात टाइटन्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ के पास कप्तान राहुल और क्विंटन डिकॉक जैसी अच्छी सलामी जोड़ी है। चेन्नई के खिलाफ इस जोड़ी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा इविन लुईस ने भी पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था ओर टीम को उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा टीम के पास मध्यक्रम में दीपक हुड्डा जैसे अच्छे बल्लेबाज है। युवा आयुष बडोनी ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह भी उसे बरकरार रखना चाहेंगे।

लखनऊ के पास क्रुणाल पंड्या और जैसन होल्डर जैसे अच्छे ऑलराउंडर है हालांकि मनीष पांडे के फॉर्म में नहीं होने से उसकी बल्लेबाजी प्रभावित हुई है। वहीं गेंदबाजी में लखनऊ के पास अवेश खान, श्रीलंका के दुशमंत चमीरा, एंड्रयू टाइ और स्पिनर रवि बिश्नोई हैं। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में टीम का मनोबल गिरा हुआ है। इससे टीम पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना है। उसकी टीम के पास अनुभवी खिलाड़ियों की कमी है और ऐसे में उसे युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना होगा। टीम के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी पर रोमेरियो शेफर्ड, उमरान मलिक, टी नटराजन और वाशिंगटन सुंदर जैसे गेंदबाजों ने पिछले मैच में अधिक रन दिये हैं। यदि सनराइजर्स को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो उसे गेंद ओर बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी में टीम के पास कप्तान विलियमसन के अलावा राहुल त्रिपाठी, निकोलस पूरण, एडेन मार्कराम, अब्दुल समद और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं।

### दोनो ही टीम इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), मनन वोहरा, इविन लुईस, मनीष पांडे, क्विंटन डिकॉक, रवि बिश्नोई, दुष्मंत चमीरा, शाहबाज नदीम, मोहसिन खान, मयंक यादव, अंकित राजपूत, अवेश खान, एंड्रयू टाइ, मार्कस स्टोइनिस, काइल मेयर्स, करण शर्मा, कृष्णप्पा गौतम, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा, क्रुणाल पंड्या, जैसन होल्डर।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरण, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रोमेरियो शेफर्ड, मार्को जेनसन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने जूनियर विश्व कप में वेल्स को हराया

**पोचेफ्सट्रूम** । भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच जूनियर विश्व कप में वेल्स को 5-1 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की है।सलीमा टेटे की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम ने पूल के शुरुआती मैच में वेल्स को 5-1 से शिकस्त दी। भारतीय टीम के लिए लालरेमसियामी ने चौथे, लालरिंडीकी ने 32वें और मुमताज खान ने 41वें मिनट में मैदानी गोल किये। वहीं लालरिंडीकी ने 57वें और दीपिका ने 58वें मिनट में 2 पेनल्टी कॉर्नरों को गोल में बदल कर अपनी टीम की बढ़त को और बढ़ा दिया जबकि दूसरी ओर वेल्स की तरफ से एकमात्र गोल मिली होम ने 26वें मिनट में किया। मैच में भारतीय टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए हमले शुरु किये , इससे उसे शुरू में ही पेनल्टी कॉर्नर मिल गया पर भारतीय टीम उसे गोल में नहीं बदल पायी।

वेल्स ने दूसरे क्वार्टर में मैदानी गोल के जरिए स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया पर तीसरे क्वार्टर के दूसरे ही मिनट में भारत ने लालरिंडीकी के मैदानी गोल से स्कोर फिर 2-1 कर दिया। भारतीयों ने दबाव बनाते हुए 41वें मिनट में मुमताज के गोल से 3-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद से भारतीयों टीम की रक्षापंक्ति ने वेल्स के हमलों को नाकाम कर दिया जबकि भारतीय टीम के हमले जारी रहे। भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में कुछ पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये पर भारतीय खिलाड़ी इन अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये। मैच समाप्त होने से 4 मिनट पहले ही दीपिका को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे भारतीय टीम का स्कोर 4-1 हो गया। भारतीय टीम अब पूल डी के दूसरे मैच में जर्मनी से खेलेगी।



*लंदन में बोट रेस जीतने के बाद जश्न मनाती हुई महिला टीम।*

### पंजाब एफसी के नये मुख्य कोच बने एंगेलकेस

**कोलकाता** । फुटबॉल टीम पंजाब एफसी ने नीदरलैंड के एड एंगेलकेस को टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। इससे पहले इस आईलीग टीम ने इंग्लैंड के एश्ले वेस्टवुड को कोच पद से हटा दिया था। एंगलकेस ने नीदरलैंड के शीर्ष फुटबॉल क्लबों एएफसी अजाक्स और एजेड अल्कमार तथा रॉयल डच फुटबॉल एसोसिएशन (केएनवीबी) के साथ कई साल तक काम किया है। इसके साथ ही वह विभिन्न फुटबॉल संस्थानों से भी जुड़े रहे हैं। वहीं पंजाब एफसी फुटबॉल निदेशक निकोलास टोपोलियाटिस ने कहा , हमारे पास एंगेलकेस के रूप में अब एक अनुभवी कोच है, जो हमारे लक्ष्यों को अच्छी तरह से जानते हैं।

# मप्र की टी-20 सीनियर महिला टीम घोषित

### पूजा के हाथों में कमान, भोपाल की सौम्या को मिली टीम में जगह

**भोपाल/इन्दौर** । मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने मध्य प्रदेश की सीनियर महिला टी-20 क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। पूजा वस्त्रकार को टीम की कमान सौंपी गई है। वहीं भोपाल की सौम्या तिवारी को डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट के शानदार प्रदर्शन के आधार पर टीम में सीधे स्थान दिया गया है।

उधर, बीसीसीआई द्वारा किए जाने वाले सीनियर महिला टी-20 मैचों के लिए मैच की तारीख, ग्रुप एवं स्थान की घोषणा कर दी गई है। एलीट ग्रुप सी में मध्य प्रदेश के साथ दिल्ली, हिमाचल, रेलवे, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक को रखा गया है। मध्य प्रदेश का पहला मैच दिल्ली से 18 अप्रैल को दूसरा मैच 19 अप्रैल को हिमाचल से तथा तीसरा मैच 21 अप्रैल को छत्तीसगढ़ से तथा चौथा मैच 22 अप्रैल को कर्नाटक से अंतिम मैच 24 अप्रैल को रेलवे से खेलना है। एलीट ग्रुप मैच राजकोट में आयोजित किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश की टीम 7 अप्रैल को बड़ौदा के लिए रवाना होगी जहां 9 से 12 तक बड़ौदा के साथ प्रैक्टिस मैच खेलेगी।

अरेरा क्रिकेट अकादमी के सुरेश चैनानी, हेमंत कपूर व सुरेश खड़से ने भोपाल की सौम्या तिवारी के टीम में चयन किये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए शुभकामना दी है।

**मध्य प्रदेश टी-20 टीम इस प्रकार है** :- पूजा वस्त्रकार (कप्तान), नेहा बुडविक (उप कप्तान), तमन्ना निगम, अनुष्का शर्मा, सौम्या तिवारी, निकिता सिंह, सलोनी डांगोरे, वर्षा चौधरी, प्रीति यादव, रहीला फिरदोस, पूनम सोनी, आशना पाटीदार, संजना अवसे, प्रियंका कौशल, खुशी यादव, कल्याणी जाधवी, भारती चौधरी, चारु जोशी, पूजा मिश्रा व सृष्टि नागपुरे।

## व्यापार न्यूज

### विदेशी निवेशकों का टूटा भरोसा, भारतीय बाजार से 41,000 करोड़ की निकासी

**नई दिल्ली** । विश्व के कई देशों छाई अस्थिरता की वजह से बाजार बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। यूक्रेन-रूस युद्ध , श्रीलंका संकट, पाकिस्तान में सरकार पर संकट और अमेरिका के शीर्ष बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी का असर बाजार पर साफ दिख रहा है। इसकारण भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों में बिकवाली की होड़ मची हुई है। लोग अपना पैसा निकाल कर सुरक्षित विकल्पों में निवेश कर रहे हैं। वैश्विक अस्थिरता का आलम यह है कि विदेशी निवेशकों ने मार्च में भारतीय इक्विटी बाजार से 41,000 करोड़ की निकासी की है। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के प्रवाह में निकट भविष्य में अस्थिर रहने की उम्मीद है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई दर में वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने इक्विटी बाजार में एफपीआई ने 41,123 करोड़ के शुद्ध बिकवाली की थी। फरवरी में विदेशी निवेशकों की निकासी का यह आंकड़ा 35,592 करोड़ रुपये था,जनवरी में 33,303 करोड़ की शुद्ध निकासी से की गई। विदेशी निवेशक पिछले छह महीनों से इक्विटी से लगातार पैसा निकाल रहे हैं। अक्टूबर 2021 और मार्च 2022 के बीच 1.48 लाख करोड़ रुपये की निकासी हो चुकी है।बाजार जानकार कहते हैं कि फेड की बदलती ब्याज दरों के चलते विदेशी निवेश पर विपरीत असर पड़ रहा है। फेड की ब्याज दरों के अलावा कच्चे तेल के दामों में उछाल, रूस-यूक्रेन संघर्ष आदि के चलते भी विदेशी निवेशकों का भरोसा टूट रहा है। बाजार जानकार का कहना है कि बैंकिंग और फाइनेंशियल सेवा क्षेत्र से बड़े पैमाने पर निकासी की मुख्य वजह भारत में एफपीआई एसेट्स का पोर्टफोलियो निर्माण और क्षेत्र में शेयरों का उच्च मूल्यांकन है।

### सोना और चांदी में गिरावट



नई दिल्ली । वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुझानों के चलते सोने और चांदी के भाव में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई। जहां एक ओर सोने का दाम एमसीएक्स पर 0.25 फीसदी गिरकर 51,475 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया है, वहीं चांदी के भाव में 0.23 फीसदी की कमी आई है। इसके बाद चांदी का भाव टूटकर 66,582 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉलमार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में



**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में रहा और तीन पैसे बढ़कर 75.71 के स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.77 पर खुला और फिर 75.71 के स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। हालांकि इस बीच रुपए ने 75.79 के निचले स्तर को भी छुआ। रुपया गुरुवार को वित्त वर्ष 2021-22 के आखिरी कारोबारी सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे की बढ़त के साथ 75.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत गिरकर 98.57 पर आ गया।

## साप्ताहिक समीक्षा : मूंगफली के भाव पूर्वस्तर पर रहे

# बीते सप्ताह तेल तिलहन की कीमतों में रही गिरावट

### मूंगफली के भाव पूर्वस्तर पर रहे, साल्वेंट रिफाइंड में 10 रुपए प्रति क्विंटल की आई गिरावट



**नई दिल्ली** । विदेशी बाजारों में गिरावट और वित्त वर्ष समाप्ति पर वार्षिक लेखाबंदी की वजह से सीमित कारोबार के चलते बीते सप्ताह देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में इनके भाव ?गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं साधारण मांग निकलने से सोयाबीन तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। शनिवार से नवरात्र की शुरुआत के मद्देनजर भी घरेलू के साथ-साथ कारोबारी मांग घटने से यह गिरावट और बढ़ गई। कारोबार के आगे के रुख का पता सोमवार को चलेगा। मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर रहे। केवल मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड के भाव में पिछले सप्ताह के मुकाबले 10 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट आई। विदेशी बाजारों में बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 150 रुपए घटकर 7,475-7,525 रुपए प्रति क्विंटल रह गया। सरसों दादरी तेल 320 रुपए घटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में 15,000 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमश- 45-45 रुपए की हानि के साथ क्रमश- 2,375-2,450 रुपए और 2,425-2,525 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि मामूली मांग होने की वजह से बीते सप्ताह विदेशों में मंदी के बावजूद सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के भाव क्रमश- 75-75 रुपए के लाभ के साथ क्रमश- 7,625-7,675 रुपए और 7,325-7,425 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसके विपरीत समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट आई। सोयाबीन दिल्ली, इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमश- 400 रुपए, 250 रुपए और 200 रुपए की हानि के साथ क्रमश- 15,800 रुपए, 15,600 रुपए और 14,400 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन के भाव पूर्व सप्ताहांत के बंद भाव के स्तर पर टिके रहे और केवल मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड में 10 रुपये की गिरावट आई। मूंगफली सॉल्वेंट का भाव 2,570-2,760 रुपए प्रति टिन पर बंद हुआ। मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और ऊंचे भाव पर मांग घटने से समीक्षाधीन सप्ताहांत में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव भी 300 रुपये घटकर 13,800 रुपए क्विंटल रह गया। पामोलीन दिल्ली का भाव भी 200 रुपए की हानि दर्शाता 15,400 रुपए और पामोलीन कांडला का भाव 100 रुपए की गिरावट के साथ 14,250 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल का भाव 50 रुपये की हानि के साथ 14,950 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में बिकी 4.5 लाख यूनिट

### हीरो सबसे पॉपुलर और बड़ी टू-व्हीलर कंपनी बनी




**नई दिल्ली** । हीरो मोटोकॉर्प भारत समेत दुनियाभर की सबसे पॉपुलर और बड़ी टू-व्हीलर कंपनी बनी हुई है। मार्च 2022 में कंपनी ने घरेलू और इंटरनैशनल मार्केट में कुल 4,50,154 टू-व्हीलर्स बेचे हैं, जो कि फरवरी 2022 के मुकाबले करीब 26 फीसदी ज्यादा है। हीरो मोटोकॉर्प ने मार्च 2022 में कितने मोटरसाइकल और स्कूटर बेचे और कितने यूनिट एक्सपोर्ट किए? हीरो मोटोकॉर्प की मार्च 2022 सेल्स रिपोर्ट देखें तो इस कंपनी ने घरेलू मार्केट में कुल 4,15,764 मोटरसाइकल और स्कूटर बेचे। वहीं, कुल 34,930 यूनिट टू-व्हीलर एक्सपोर्ट किए। अब बात करें कि हीरो की कितनी बाइक बिकी और लोगों के मार्च में कितने स्कूटर खरीदे, तो हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले महीने देश-विदेश में करीब 4.16 लाख मोटरसाइकल बेचे। वहीं, इस अवधि में कुल 24,433 स्कूटर बेचे। कुल मिलाकर 4.5 लाख यूनिट हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले बेचे है, जो कि मार्च 2021 की 5.77 लाख यूनिट के मुकाबले 21 फीसदी कम है। समय के साथ हीरो मोटोकॉर्प के टू-व्हीलर्स के एक्सपोर्ट में रफ्तार देखने को मिल रही है। आपको बता दें कि हीरो मोटोकॉर्प भारत में सबसे ज्यादा टू-व्हीलर बेचती है और इसके ज्यादातर कम्यूटर बाइक हैं, जिनकी माइलेज अच्छी होती है। हीरो स्प्लेंडर कंपनी की बेस्ट सेलिंग मोटरसाइकल है। इसके साथ ही हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो पैशन प्रो, हीरो ग्लैमर समेत अन्य बाइक की भी अच्छी बिक्री होती है। हीरो डेस्टिनी और हीरो माएस्ट्रो के साथ ही हीरो प्लेजर जैसे स्कूटर भी लोगों को खूब पसंद आते हैं। हीरो मोटोकॉर्प इस साल भारत में अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने की तैयारी में है। एडवेंचर सेगमेंट में भी हीरो की धांसू बाइक्स हैं। मालूम हो कि भारत की सबसे पॉपुलर टू-व्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के लिए मार्च का महीना अच्छा रहा, जहां इस देसी कंपनी ने फरवरी 2022 के मुकाबले ज्यादा बाइक और स्कूटर बेचे। दुनियाभर में टू-व्हीलर के कल-पुर्जों की कमी की वजह से प्रोडक्शन कम हो गए हैं और सेल्स पर भी काफी प्रभाव पड़ा है।

# सोनी नई वीडियो गेम सदस्यता सेवा शुरू करने बना रही योजना

### एक्सबॉक्स गेम पास प्रतियोगी इस सप्ताह हो सकता है लॉन्च

**नई दिल्ली** । सोनी कथित तौर पर स्पार्टाकस नामक एक नई वीडियो गेम सदस्यता सेवा पर काम कर रहा है, जो माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प के एक्सबॉक्स गेम पास के लिए सोनी की प्रतिक्रिया है। यह संभवत- प्लेस्टेशन्स 4 और 5 पर उपलब्ध होगा। सोनी की नई सेवा इसके दो मौजूदा प्रसाद, प्लेस्टेशन नाव और प्लेस्टेशन प्लस को मिलाएगी। उपयोगकर्ता पुराने प्लेस्टेशन युगों से आधुनिक खेलों और क्लासिक्स के कैटलॉग की पेशकश करने वाले कई स्तरों में से चुनने में सक्षम होंगे। वीडियो गेम के लिए एक तरह का नेटफ्लिक्स, जिसके 25 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं। सोनी वास्तव में स्पार्टाकस के लिए पूर्व की रिपोर्ट के अनुसार तीन स्तरों की योजना बना रहा है। एंड्रॉइड सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार, पहला स्तर 10 डॉलर प्रति माह होगा और अनिवार्य रूप से प्लेस्टेशन प्लस की जगह लेगा, जो मुफ्त मासिक गेम और छूट प्रदान करता है। दूसरा स्तर 13 डॉलर प्रति माह होगा और गेम की सूची को बढ़ाएगा। अंत में, 16 डॉलर प्रति माह पर, तीसरा और अंतिम स्तर नए गेम, गेम स्ट्रीमिंग और क्लासिक गेम की लाइब्रेरी का परीक्षण प्रदान करेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सोनी इस नई सेवा को अगले कुछ हफ्तों में परीक्षण में ले जाने का इरादा रखता है, जिसका अर्थ है कि आधिकारिक समाचार आसन्न हो सकता है। दिसंबर 2021 में वापस, एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सोनी संभवत- एक नई गेम सदस्यता सेवा की योजना बना रहा है, जिसका कोडनेम स्पार्टाकस है।रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी, सोनी प्लेस्टेशन स्टूडियो से किसी भी दिन एक रिलीज की पेशकश करने की योजना नहीं बना रहा है।

### मारुति ड्यूलजेट इंजन के साथ लॉन्च करेगी बजट कारें

**नई दिल्ली** । मारुति सुजुकी कंपनी अपनी 2 छोटी यानी बजट कारों को ड्यूलजेट इंजन के साथ लॉन्च करने वाली है। कंपनी मारुति सुजुकी इग्निस और मारुति सुजुकी एक्स-प्रेसो को ड्यूलजेट इंजन के साथ बाजार में उतारेगी। ये दोनों कारें कंपनी की बजट कारें हैं जिनका भारतीय बाजार में अच्छा खासा कस्टमर बेस है। मारुति अपने सेलेरियो, स्वीफट, वेगनआर, बलेनो और डीजायर मॉडल्स में 1.2एल डूअलजेट के12सी इंजन का इस्तेमाल करती है जो आइडल स्टार्ट-स्टॉप टेक्नॉलजी के साथ आते हैं। मारुति एस-प्रेसो में मौजूदा समय में 1.0एल के10बी पेट्रोल इंजन का इस्तेमाल किया जाता है जो 68द्धश्च पावर जेनेरेट करता है।

# सोशल मीडिया फॉलोवर तय करते हैं, आप किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे : समीक्षा भटनागर



अभिनेत्री समीक्षा बटनागर की फिल्म ब्लैक रोज हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई है। उनका कहना है कि एक अभिनेता होने के लिए यह कठिन समय है, क्योंकि सोशल मीडिया इंडस्ट्री में आपकी किस्मत का फैसला करता है। अभिनेत्री पोस्टर बॉयज, कैलेंडर गर्ल्स और हम गांधी को मार दी जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। वह कहती हैं कि आज अभिनेताओं को सोशल मीडिया पर आधारित प्रोजेक्ट मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, यह अभिनेताओं के लिए कठिन होता जा रहा है, क्योंकि आज आपके सोशल मीडिया फॉलोवर तय करते हैं कि आप किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे या नहीं। कभी-कभी यह कठोर वास्तविकता है और यह न केवल नवोदित प्रतिभाओं पर, बल्कि अभिनेताओं पर हमेशा लाइमलाइट में बने रहने के लिए अतिरिक्त दबाव डाल रहा है। अभिनेत्री का कहना है कि उसने धीरे-धीरे यह स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, यह वास्तविकता है और मुझे इसे समझने में थोड़ा समय लगा, हालांकि मैं इस विचार के साथ पूरी तरह से बोर्ड पर नहीं हूं। कोई भी इसके बारे में पूरी तरह से अनभिज्ञ नहीं रह सकता।समिकेश जल्द ही वेब सीरीज जो हुकम मेरे आका में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, जो हुकुम मेरे आका में श्रेयस तलपड़े और कृष अभिषेक हैं। मैं कृष्णा के साथ मुख्य मुख्य भूमिका निभा रही हूं। यह एक काल्पनिक हास्य श्रृंखला है।

## वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा का किरदार निभायेंगे सैफ अली खान



बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफ अली खान सिल्वर स्क्रीन पर भारत के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में शामिल होमी जहांगीर भाभा का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। होमी जहांगीर भाभा के जीवन पर एक फिल्म बनायी जा रही है। होमी जहांगीर भाभा परमाणु वैज्ञानिक थे, जिन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की कल्पना की थी। बताया जा रहा है कि फिल्म में होमी जहांगीर भाभा की भूमिका सैफ अली खान निभाते नजर आ सकते हैं। रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनायी जा रही इस फिल्म का टाइटल 'एसेसिनेशन ऑफ होमी भाभा' दिया गया है। होमी जहांगीर भाभा की मौत कथित विमान दुर्घटना में हुई थी, लेकिन इस हादसे का सच कभी सामने नहीं आया। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि फिल्म में भाभा की जिंदगी से जुड़ी कई रहस्यमयी घटनाओं से पर्दा उठ सकता है। रिलायंस एंटरटेनमेंट की यह फिल्म काफी बड़े स्तर पर बनने वाली है। यदि सब प्लान के मुताबिक रहा तो फिल्म 2022 की शुरुआत में फ्लोर पर आ जाएगी।

## अक्सर हम जिसे अपनाते हैं वह बदल जाता है, इसलिए वही करिए जिससे आपको खुशी मिलेः श्रुती हसन



श्रुति हसन सोशल मीडिया पर अपने गॉथिक लुक और मेकअप को लेकर खूब लाइम लाइट बटोरती हैं। उन्होंने कहा कि एक एक्टर होने के नाते दूसरों से जुड़ने के लिए मैं अपने लुक्स के साथ एक्सपेरीमेंट करना बंद नहीं कर सकती। अभिनेत्री, जो एक म्यूजिसियन भी है, उन्होंने कहा, मुझे लेटल और असर्टनेटिव कल्चर, ग्राफिक उपन्यास और गॉथिक साहित्य पसंद है, यह सब मुझे नेचुरल एक्सप्रेशन की तरह लगते हैं। श्रुति इस बात को नहीं मानती हैं कि अभिनेत्रीओं के लिए गॉथिक लुक या रोल करना रिस्की है। वह कहती है कि किसी वाइब या लुक्स से जुड़ाना रिस्की नहीं होता है, खतरनाक सोच वह है जब हम सोचते है कि हमारे पहनावे, बोलचाल, और व्यवहार को दुनिया एक्सेप्ट करेगी या नहीं।

# ओटीटी का शुक्रिया, पहले लोगों को अंतिम नाम के कारण नहीं मिलता था कामः अमायरा दस्तूर



अभिनेत्री अमायरा दस्तूर ने कहा कि ओटीटी के आगमन के साथ ही शोबिज में कास्टिंग गेम बदल गया है। उन्हें लगता है कि लोग अब अपनी प्रतिभा के कारण प्रोजेक्ट कर रहे हैं और अब पारिवारिक कनेक्शन होना जरुरी नहीं है। अमायरा ने बताया, मुझे लगता है कि ओटीटी ने कास्टिंग का खेल बदल दिया है। दर्शकों को पता है कि कौशल के कारण लोगों को कास्ट किया जा रहा है। उनके अंतिम नाम से नहीं। वह कहती हैं कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले अभिनेताओं से ज्यादा, डिजिटल स्पेस ने निर्देशकों और लेखकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है। उन्होंने कहा, अभिनेताओं से अधिक, मुझे लगता है कि ओटीटी निर्देशकों और लेखकों के लिए एक ब्रेकआउट रहा है। किसी भी अच्छे शो ने लेखकों का अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारे जैसे अभिनेताओं के लिए यह आसान है, जैसा कि हमें लाइनें मिलती हैं लेकिन लेखकों को सब कुछ लिखना पड़ता है। ओटीटी ने हमें आज भारत के कुछ महान लेखकों को दिया है। अमायरा ने जैकी चैन अभिनीत अंतर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट ड्रामा कुंग फू योगा में काम किया, इसके अलावा बॉलीवुड में प्रस्थनम, मेड इन चाइना, मिस्टर एक्स, जजमेंटल है क्या और हाल ही में, कोई जाने ना जैसे ओटीटी स्पेस में काम किया साथ ही वह वेब श्रृंखला तांडव का हिस्सा रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में संगीत वीडियो वाह जी वाह में भी काम किया।




## इमरान की यार्कर

खैबर पख्तूनख्वा के लोअर दीर में एक रैली को संबोधित करते हुए पाकिस्तान इमरान खान ने एक रैली में दावा किया था कि वे अपनी इनस्विंग यॉर्कर' से विपक्ष को क्लीन बोल्ड कर देंगे। इमरान ने तब जो कहा, उसे अब कर दिखाया है। रविवार को पाकिस्तान की राजनीति में जिस तरह का घटनाक्रम देखने को मिला, उसने पूरी दुनिया को हतप्रभ कर दिया। सुबह तक जो रणनीतिकार इमरान की विदाई की बात कर रहे थे, उनके सारे समीकरण धरे रह गए। गेंद अब सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के लिए बेंच बना दी है। जिस पर रविवार या सोमवार को सुनवाई की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट से फैसला जो आए, मगर अभी तो इमरान ही विपक्ष पर भारी पड़े हैं और सुप्रीम कोर्ट जाने की सूरत में कहा है कि उनके पास कई योजनाएं बाकी हैं। वे हर बार विपक्ष को बोल्ड करेंगे। इससे पहले दोपहर में संसद में डिप्टी स्पीकर ने आर्टिकल 5 का हवाला देकर इमरान सरकार के खिलाफ लाया गया विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव न सिर्फ खारिज कर दिया, बल्कि इसके बाद प्रधानमंत्री इमरान खान ने संसद को भंग करने की सिफारिश कर दी। इसके साथ ही इमरान खान की मांग पर राष्ट्रपति ने नेशनल असेंबली को भंग कर दिया। अब पाकिस्तान में 90 दिन के अंदर आम चुनाव होंगे। हालांकि इमरान तब तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहेंगे। अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद इमरान खान ने देश को संबोधित किया। इस दरौन उन्होंने कहा-हम इंसाफ के लिए अवाम के बीच जाएंगे। हम लोगों से अपील करते हैं वो अगले चुनाव की तैयारी करें। सारी कौम से गद्दारी की कोशिश की जा रही थी। इमरान के इस दांव के बाद समूचा विपक्ष संसद के बाहर धरने पर बैठ गया और ताजा घटनाक्रम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे डाली। इमरान के इस फैसले के बाद विपक्षी पार्टियों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का कहना है कि इमरान ने संविधान को तोड़ा है। इससे पहले विपक्षी पार्टियों ने संसद के स्पीकर असद कैसर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। विपक्षी पार्टियों का कहना था कि कैसर निष्पक्ष होकर कार्यवाही नहीं कर रहे। वहीं, राजधानी इस्लामाबाद में कर्फ्यू भी लगा दिया गया था। अगर आर्टिकल-5 पर नजर डालें तो इसमें कहा गया है कि-देश के प्रति वफादारी हर नागरिक का कर्तव्य है। संविधान के कानून को हर नागरिक को मानना होगा। चाहे वह जहां भी रहें या फिर कुछ ही वक्त के लिए पाकिस्तान में रहा हो। पाकिस्तान सरकार के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बोलते हुए कहा कि आर्टिकल 5 के तहत देश के प्रति वफादारी हर पाकिस्तान के हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा था कि पीएम इमरान खान ने कहा है कि उनकी सरकार को हटाने के लिए विदेशी साजिश है। क्रिकेट की पिच पर पाकिस्तान के हीरो रहे इमरान खान राजनीति के आखिरी ओवर में भी अपनी सरकार को बचाने में कामयाब रहे। गठबंधन पार्टी के अलावा इमरान की अपनी पार्टी के ही कुछ सांसदों ने उनका साथ छोड़ दिया था। लेकिन, खान ने हार नहीं मानी। इमरान खान ने 1996 में अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की स्थापना की। 22 साल तक राजनीति में संघर्ष करने के बाद 18 अगस्त 2018 को उन्होंने पाकिस्तान के 22वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

# कहो तो कह दूं: अब ऐसा न हो कि बुलडोजर भी ब्लैक में खरीदना पड़ जाए ....

चैतन्य भट्ट)

हमें याद है सत्तर के दशक में ÷वेस्पा स्कूटर÷ का बड़ा क्रेज था द्य बीस साल पहले नंबर लगाओ तब कंही जाकर वेस्पा की डिलीवरी होती थी, मां बाप बच्चे के पैदा होते ही उसके नाम से वेस्पा स्कूटर का नंबर लगा देते थे और जब वो बीस बाईस साल का नौजवान हो जाता था तब उसका नंबर आ जाता था जिसके पास वेस्पा होता था वो बड़ा ही खुशकिस्मत माना जाता था द्य कई हजार रुपये ब्लेक में भी देने पड़ते थे ताकि वेस्पा जल्दी मिल जाए , आजकल ऐसा ही हाल बुलडोजर का होने वाला है जिस गति से बीजेपी शासित राज्यों में बुलडोजर की मांग बढ़ी है उसको देखते हुए अब ऐसा लगने लगा है कि बुलडोजर की हालत भी वेस्पा स्कूटर जैसी हो जाएगी द्य अभी तक उत्तर प्रदेश में बाबा के बुलडोजर की गूँज थी अब अपने मध्यप्रदेश में मामा का बुलडोजर अपने पूरे शबाब पर है कल तक जो बुलडोजर नगर निगमों के दफ्तरों में उदास, निराश चुपचाप अपना मुंह लटकाये खड़े रहते थे उन पर धूल की परत जम जाती थी वे अब सुबह पांच बजे से सज धजकर अपनी सूंड उठाये छाती चौडी कर अपराधियों, भूमाफियाओं के आशियानों को ढहाने में लग जाते हैं । कभी वो दिन भी थे कि ये बुलडोजर बेकार पड़े हुए थे लेकिन आज इन बुलडोजरों की ऐसी मांग बढ़ गयी है कि पूछिए मत द्य पूरे उत्तर प्रदेश में बुलडोजर ने वो कमाल दिखाया कि बाबा जी की सरकार फिर से उत्तर प्रदेश में काबिज हो गयी, जब से बाबा जी की सरकार उत्तर प्रदेश में वापस आई है तब से अपने प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह ने भी समझ लिया है की यदि चुनाव जीतना है तो बुलडोजर की मदद के बिना ये संभव नहीं हो पायेगा सो उन्होंने भी पूरे प्रदेश के अफसरों को सन्देश दे दिया है कि बेकार धूल खा रहे बुलडोजरों को निकालो उनको स्नो पाउडर लगाओ और छोड़ दो माफियाओं के आशियानों की तरफ, यानी अब चुनाव न तो भाषणों से जीता जा सकता है न पोस्टर बैनर से, चुनाव जीतना है तो सिर्फ और सिर्फ एक ही रास्ता है और वो है बुलडोजर की हेल्प द्य जिस गति से सरकारों में बुलडोजरों की मांग बढ़ रही है उसको देखते हुए अब ये लगने लगा है कि तमाम सरकारों को बुलडोजर ब्लेक में भी खरीदने पड़ सकते है क्योकि बुलडोजर कोई छोटी मोटी चीज तो है नहीं उसको बनाने में भी टाइम लगता है और जंहा जंहा चुनाव होने वाले है उसकी सरकार इतना इंतजार नहीं कर सकती जिस प्राइज में मिले उसे बुलडोजर खरीदना ही है द्य अपनी तो उद्योग पतियों को सलाह है कि जो लोग भी कार और स्कूटर के निर्माता है इन सब को गोली मारो और बुलडोजर का निर्माण कार्य शुरू कर दो देखते ही देखते करोड़ पति और अरब पति न बन जाए तो अपना नाम बदल देना।

### तो फिर गर्मी भी क्यों पीछे रहे

खबर आई है कि इस बार मार्च में गर्मी ने पिछले एक सौ इक्कीस साल का रिकार्ड तोड़ कर एक नया रिकार्ड बना दिया है, लोग बाग़ गर्मी को कोस रहे हैं कि ऐसी क्या दुश्मनी है लोगों से उसकी कि नए रिकार्ड बनाने पर तुल गयी है तो भैया जब पूरे देश में हर चीज अपने नये रिकार्ड बना रही है तो गर्मी भला क्यों पीछे रहगी द्य पेट्रोल, डीजल कीमत के नए रिकार्ड बना रहे हैं घरेलू गैस के दामों ने भी रिकार्ड बना दिया है, कमर्शियल सिलेंडर के तो रिकार्ड की गिनती ही करना भूल गए हैं उसका उपयोग करने वाले द्य खाने का तेल भी अपने पुराने सारे रिकार्ड तोड़ने पर आमादा है, दूध के दाम भी नया रिकार्ड बना रहे है मंहगाई डायन की तो बात ही मत करो उसने तो अब तक के तमाम रिकार्ड्स को पीछे छोड़ दिया है लोहा जो पचपन रुपए किलो था वो देखते ही देखते बायसी रुपया पंहुच गया, सीमेंट ने सोचा कि हमारा और लोहे का तो चोली दामन का साथ है तो उसने भी नया रिकार्ड बना



दिया द्य इधर बीजपी ने चार राज्यों में चुनाव जीतने का रिकार्ड बना दिया है तो कांग्रेस चुनाव हारने का रिकार्ड बना रही है, आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जीत का एक नया रिकार्ड कायम का दिया है द्य टीएमसी विरोधी पार्टी के नेताओ और कार्यकर्ताओं को पीटने का रिकार्ड बना रही है यनि ऐसी कौन सी चीज बची है जो रिकार्ड न बना रही है तो ऐसी दौर में गर्मी ने भी नया रिकार्ड बना दिया तो उसको इस तरह से लांछित करने का कोई मलतब नहीं है आखिर गर्मी भी तो इसी देश की रहने वाली है जैसा देश वैसा भेष वाली कहावत उसने भी सुनी है और उसके हिसाब से वो भी बर्ताब कर रही है समझ गए न ।

### नक़ल पर तो दुनिया चल रही है

मुरैना में हो रही नर्सिंग परीक्षा में भारी कर नक़ल चली, परीक्षार्थी परीक्षा हाल के बाहर बैठ कर किताबों से, मोबाइल में गूगल की मदद से प्रश्न पत्र हल कर रहे थे , इसके वीडिओ किसी दिलजले ने बना लिए और वायरल कर दिये बस क्या था हल्ला मच गया, जांच दाल नर्सिंग परीक्षा केंद्रों में पंहुच गए और जो दृश्य देखा तो दंग रह गए परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों से जब ये पूछा कि आप लोग किस कालेज के विद्यार्थी हो तो कई तो अपने कालेज का नाम भी नहीं बतला पाए ,जांच दल ने मामला जांच में ले लिया और अब उसकी जांच जारी है लेकिन अपना मानना है कि नक़ल तो इस दुनिया में उसके वजूद से ही मौजूद है , कई कॉमेडियन तो नेताओ, अभिनेताओं की नकल उतार कर अपना और अपने परिवार का पेट पाल रहे है बड़े बड़े प्रोडक्ट की नकल धड़ल्ले से चल रही है नकली धनिया, नकली घी, नकली मिर्च, नकली मसाले, ऐसी कौन सी चीज है जिसकी नक़ल न हो रही हो, छोटे नेता बड़े नेताओं की नक़ल कर रहे हैं तो बड़े नेता उनसे भी बड़े नेताओं की नक़ल करते आये हैं यानि हर तरफ नक़ल का बाजार गर्म है तो इन विद्यार्थियों ने यदि नक़ल कर भी ली तो ऐसा कौन सा गुनाह कर दिया द्य अपना तो मानना है कि जो विद्यार्थी नक़ल कर रहे थे उन सबको पास कर देना चाहिए क्योकि ऐसा कहा जाता है कि नक़ल के लिए भी अकल की जरूरत होती है यानि उन सब नकलचोरों में अकल तो होगी ही, यही उनके पास करने का आधार बन सकता है।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमान जी नक़ल करके डॉक्टरी की परीक्षा पास करके डॉक्टर बन गए एक दिन एक मरीज उनके पास आया और बोला मेरे जोड़ों में बहुत दर्द रहता है आप बताएं मैं क्या करूं जोड़े तो भगवान बनाता है इसमें भला मैं क्या कर सकता हूँ श्रीमान जी का उत्तर था

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुत~ उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रात~ स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतर्स्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है।

## कब तक रहेगी हालात की मारी प्रकृति बेचारी?

ऋतुपर्ण दवे

सच में प्रकृति की अनदेखी वो बड़ी भूल है जो पूरी मानवता के लिए जीवन, मरण का सवाल है। बस वैज्ञानिकों तक ज्वलंत विषय की सीमा सीमित कर कर्तव्यों की इतिश्री मान हमने वो बड़ी भूल या ढिठाई की है जिसका खामियाजा हमारी भावी पीढ़ी भुगतेगी। इसे हम जानते हैं, लेकिन फिर भी हैं कि मानते नहीं। इसे नाइंसाफी कहें या गद्दारी, कुछ भी कह लें लेकिन सच है। यह कभी क्यों नहीं चुनावी एजेण्डा बनता कि राजनीतिक दलों, उनके आकाओं, जनप्रतिनिधियों तथा नुमाइन्दगी का ख्वाब देखने वालों को तेजी से बदल रही प्रकृति और उसके कारणों के बारे में कितना पता है? सच तो यह है कि राजनीति की बिसात में हर कहीं अगर कोई गच्चा खाता है तो वह है वही प्रकृति जिसकी बदौलत ही हम हैं, हमारा अस्तित्व है। ऐसे सवाल जायज हैं, उठने भी चाहिए। पर्यावरण-प्रदूषण की चिन्ता राजनीति में सबसे ऊपर होनी चाहिए। लेकिन सभी राजनैतिक दलों ने बेशर्म खामोशी ओढ़ी हुई है।

लगता नहीं कि पर्यावरण और प्रदूषण भी अहम चुनावी मुद्दा बनते तो अस्तित्व के भविष्य की चिन्ता करने की ईमानदार पहल जरूर कहलाती? चुनावी चकल्लस और नेताओं के लुभावने वादों के बीच न तो कोई धरती की चिन्ता करने वाला है और न कोई भू-गर्भ और आसमान को लेकर गंभीर दिख रहा है। शायद इनका चुनावों से सीधा वास्ता जो नहीं है। लेकिन यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इतनी सी भूल या भुलाने की कोशिश जीवन पर धीरे-धीरे भारी पड़ती जा रही है। हर साल बाढ़ की बढ़ती भयावहता, धरती की बढ़ती तपन, तेजी से कटते जंगल, रेत से चलते छलनी होती नदियाँ, गिट्टियों में तब्दील होते पहाड़, अंधाधुंध प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हमारी भविष्य की पीढ़ी के लिए बड़ा अभिशाप है। उससे भी दुखद यह कि सबको, सब कुछ पता है लेकिन फिर भी गंभीर कोई दिखता नहीं है। शायद यही कारण है कि देश के किसी भी राजनैतिक दल के अहम मुद्दों में ऐसे विषय शामिल ही नहीं हैं! कब तक नहीं रहेंगे यह भी नहीं पता। प्रदूषित होती नदियां जितनी चिन्ता का विषय हैं उससे बड़ी चिन्ता मानव निर्मित वो कारण हैं जो



इसके मूल में हैं। केवल भारत के संदर्भ में बात करें तो भारत में अब 'जल क्रान्ति' की जरूरत है। पेयजल और सिंचाई के लिए घटते और सूखते जलस्त्रोंतों की चिन्ता करनी होगी। वाकई लोगों को स्वस्फूर्त इस पर सोचना ही होगा। लोग जागरूक हों और कुछ करें तभी सकारात्मक नतीजे निकलेंगे वरना आयोग, बोर्ड, ट्रिब्यूनल बनते हैं, बनते रहेंगे। बहस, सुनवाई, फैसले होंगे, महज औपचारिकताओं की पूर्ति होगी और हर गांव, कस्बे, शहर, महानगर की आबादी की गंदगी का आसान और निःशुल्क वाहक बनीं नदियां दिन-प्रतिदिन प्रदूषित होंगी, सूखेंगी और मरती रहेंगी। तीन दशकों से जारी गंगा की सफाई हमेशा चर्चाओं में रही। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व की तल्ख टिप्पणी जिसमें मौजूदा कार्ययोजनाओं से क्या गंगा 200 साल में भी साफ हो पाएगी, बेहद मायने रखती है। सच में कदम तो वो हों जिससे गंगा अपनी पुरानी भव्यता यानी प्रिस्टीन ग्लोरी हासिल कर सके। यह दशा, कहानी या सच्चाई उस गंगा की है जो मोक्ष दायिनी है जो खुद अपने मोक्ष को तरस रही है। नर्मदा और भी श्रेष्ठ मानी गयी है। पद्म पुराण में लिखा है 'पुण्या कनखले गंगा, कुरुक्षेत्रे सरस्वती। ग्रामे वा यदि वारण्ये, पुण्या सर्वत्र नर्मदा ।।% अर्थात गंगां को कनखल तीर्थ में विशेष पुण्यदायी माना जाता है, सरस्वती को कुरुक्षेत्र में, किन्तु नर्मदा चाहे कोई ग्राम हो या फिर जंगल सर्वत्र ही विशेष पुण्य देने वाली है। ऐसी पवित्र नर्मदा अपने उद्गम अमरकण्टक के उद्गम कुण्ड से ही प्रदूषित होने लगती है। भारत के 27 राज्यों में 150 नदियां प्रदूषित हैं लेकिन इसकी चिन्ता किसे? थोड़ा पीछे चलना होगा। 5 साल पहले देश में धान का कटोरा कहा जाने वाला छत्तीसगढ़ उसमें भी खास पहचान लिया बिलासपुर 23 मई 2017 को बेहद तेजी से, एकाएक 50 डिग्री सेल्सियस का तापमान छूकर चर्चाओं में आ गया था। वायुमण्डल में घुली कार्बन डाई ऑक्साइड, पराबैंगनी विकरण के सोखने और छोड़ने से हवा, धरती और पानी तीनों गर्म होते हैं। पिछली आधी सदी में कोयला-पेट्रोलियम के धुंएं ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और दूसरी ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा खतरनाक हदों तक पहुंचा दिया।

# हुक्का लाउंज पब संस्कृति, भटकती किशोर पीढ़ी!

### सूडोकु नवताल- 6031

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6030 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

विजय कुमार

वर्तमान में युवाओं में नशा करने की आदत तेजी से बढ़ रही है। अनेक प्रकार के नशे के साधन आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं।बच्चे किशोर अवस्था में एवं युवा होते ही सदमार्ग पर न चलकर भटक रहे हैं। इस भटकाव के लिये वर्तमान परिवेश तो दोषी है ही साथ ही माता-पिता पालकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखें। यह देखें कि हमारे बच्चे कहाँ जा रहे हैं उनके मित्र कौंन है तथा देर रात तक कहाँ रहते हैं,क्या वे नशा कर रहे हैं।

वर्तमान में हुक्का से कश खींचकर नशा करने की प्राचीन पद्धति को आधुनिक रूप देकर हुक्का लाउंज एंड पब नाम दिया गया है। दिल्ली, मुबंई, कोलकाता, चेन्नई आदि बड़े महानगरों के माँलों में हुक्का पब संचालित हैं। एक घटना जो आज से लगभग दस वर्ष पूर्व की है उसका उल्लेख करना प्रासंगिक है दिल्ली के समीप गुरु ग्राम पूर्व नाम गुड़गांव में डीएलएफ सिटी सेंटर माँल में बबज इन पब एंड लाउंज में 100 लड़के लड़कियां शराब के नशे में पकड़े गये,पकड़े गये लड़के लड़कियों में सभी 14 से 20 वर्ष के बीच के थे और अच्छे स्कूलों में पढ़ते थे।÷सेक्स और स्मोक÷ पार्टी का टाइटल था। एक लड़के के जन्मदिन पर दी जा रही इस पार्टी का निमंत्रण सोशल नेटबर्किंग साइड पर दिया गया था। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस पार्टी में जिन बच्चों ने भाग लिया था, उन्हे यह पता नही था, जन्मदिन किसका है। भारतवर्ष में अनेक प्रदेशों में विशेष रूप से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान एवं राजस्थान से लगे हुए मध्यप्रदेश के कुछ क्षेत्र आदि में आज भी हुक्का से नशा करने का प्रचलन है। गाँव में चार या पाँच बुजुर्ग एक साथ बैठकर हुक्का से नशा करते है।हुक्का में तम्बाकू डालकर धुआं के कश लिये जाते है। कुछ वर्ष पहले तक देश में पब और लाउंज का नाम नहीं था। अचानक इनका जाल फैलता जा रहा है। पब होटलों और माँलों में चल रहे हैं युवाओं के साथ किशोर इनकी ओर जोर-शोर से आकर्षित हो रहे हैं। किशोरावस्था में बच्चों को पार्टी करना, घूमना पसंद होता है इस उम्र में वे हर वह काम करना चाहते हैं जो उन्होंने आज तक नहीं किया है। पब अथवा हुक्का लाउंज में किशोरों को निकोटिन भर कर परोसा जाता है, जिसे आज किशोर बड़े शौक से लेते है। सरकार ने हुक्का बार पर सन 2011 में क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के सेक्सन 144 के तहत इसलिए रोक लगायी थी क्योंकि हुक्का बार बाले निकोटिन मिले तम्बाकू को ग्राहकों को दे रहे थे। परन्तु बार मालिकों ने कानून की धज्जियां उड़ा दी,और नये-नये नामों से हुक्का से नशा कराया जा रहा है। हुक्का का होटलों में कानून से बचाव के लिये परशियनसीसा,वोडका फ्लेवर अथवा हर्बल हुक्का के नाम से नशा कराया जा रहा है।। मेरे मित्र ने एक घटना सुनाई वे दिल्ली में एक माँल में शाँपिंग के लिये गये थे माँल में पब के बाहर एक महिला लम्बे समय से हंगामा कर रही थी वह चिल्ला-चिल्लाकर कह रही थी कि मेरा 14 वर्षीय बेटा पब के अंदर नशा कर रहा है। मुझे उसे लेने अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। यह देख रहे कुछ लोग बच्चे को दिये संस्कारों पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे थे, कुछ पब के मैंनेजर के व्यावसायिक दृष्टिकोण एवं मनमानी का विरोध कर रहे थे। पब के मैंनेजर का कहना था कि इस उम्र में लड़के पब में आते ही हैं। कुछ देर में लड़का बाहर आया और महिला अपने बेटे को लेकर चली गई। विचारणीय प्रश्न यह है कि ऐसा क्या आकर्षण है किशोर पीढ़ी में जो अपने परिजनों से झूठ बोलकर पब में जाने मजबूर हो रहे हैं। अचानक आयी पब संस्कृति की ओर किशोर भागे जा रहे है और कानून कागजों की शोभा बढ़ा रहा है। पब संचालकों व कानून के रक्षकों की मिलीभगत से ही यह विकृति नई पीढ़ी में जोर से बढ़ रही है। गत चार वर्ष पूर्व हम सामाजिक मीटिंग में भाग लेने दिल्ली रेल से पहुंचे। रेल से रविवार को प्रातः 6 बजे हजरत निजामुद्दीन रेल स्टेशन पर उतरे। स्टेशन से बाहर निकल कर टेक्सी से गंतव्य की ओर प्रस्थान किया तो हम देखते हैं युवा युवक युवतियों की भारी भीड आ रही है। मैंने अपने अभिन्न मित्र से जिज्ञासा से पूछा यह भीड़ कहाँ से आ रही है? उन्होंने कहा ये लड़के लड़की वे है जो उच्च अध्ययन हेतु दिल्ली आये है। ये शनिवार को रात में होटल पहुंचते हैं, होटल में सारी रात वाय फ्रेंड और गर्ल फ्रेंड के जोड़े तरह तरह के नशे,सेक्स और मौज मस्ती करते हैं। ये सब सुबह होटल से निकल कर घर जा रहे हैं। मित्र ने कहा माता-पिता यह समझ रहे है हमारा बेटा या बेटी पढ़ाई कर रहे हैं। पढ़कर बड़े इंजीनियर या अधिकारी बनेंगे, जबकि बच्चे माँ बाप को धोखा दे रहे हैं।

# बेलगाम नोकरशाही पर कौन लगाएगा लगाम!

श्री. गोपाल नारसन

उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडेय की मनमानी के चलते एक महिला डॉक्टर को आहत होकर अपना इस्तीफा देना पड़ा। देहरादून मेडिकल कॉलेज में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. निधि उनियाल को स्वास्थ्य सचिव पंकज कुमार पाण्डेय के आवास पर उनकी पत्नी को देखने के लिए भेजा गया था। इस दौरान उनियाल गलती से ब्लड प्रेशर नापने की मशीन अपनी कार में भूल गई। इसी मामूली सी बात को लेकर सचिव की पत्नी ने चिकित्सक के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। महिला डॉक्टर का कहना है कि सचिव की पत्नी ने इस दौरान उनके साथ न केवल बदसलूकी की बल्कि चिकित्सकों के व्यवसाय को भी भला-बुरा कहा। इस पर डॉ. उनियाल वहां से तत्काल लौट आयी। बाद में इस घटना पर उल्टे डॉक्टर निधि उनियाल पर ही नौकरशाह की पत्नी से मांगने का दबाव बनाया गया लेकिन डॉ निधि ने माफी मांगने से इनकार कर दिया।माफी मांगने से इंकार करने के कुछ देर बाद ही आश्चर्यजनक रूप से स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ.निधि उनियाल का सोबनसिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान व शोध संस्थान अल्मोड़ा के लिए तबादला किये जाने का आदेश जारी कर दिया गया। डॉक्टर निधि ने इस तबादले का विरोध करते हुए इसे अपना उत्पीड़न माना और नौकरी से ही त्यागपत्र दे दिया। डॉ. उनियाल ने पूरे घटनाक्रम से विभाग को अवगत कराते हुए अपना इस्तीफा देते हुए इसकी जानकारी विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री को भी दी है।जिसपर मुख्यमंत्री ने तबादला निरस्त कर मामले की जांच अपर मुख्य सचिव को सौंपी है।इस प्रकरण में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि गुलामों की तरह नेताओं व अधिकारियों के घर डॉक्टर्स को भेजना गलत परम्परा है। डॉक्टर्स साथ दे तो वह प्रथा को खत्म करवाने के लिए आवाज उठाएंगे।भाकपा माले के गढ़वाल प्रभारी इन्द्रेश मैखुरी ने कहा कि अस्पताल में मरीजों का इलाज छोड़ कर, अपनी पत्नी के इलाज के लिए डॉक्टर को भेजना स्वास्थ्य सचिव की पहली गलती है। स्वास्थ्य सचिव की पत्नी, ऐसे किसी गंभीर रोग से ग्रसित नहीं हैं कि वह अस्पताल न आ सकें। अधिकारी और उनके परिजन कोई राजा या सामंत नहीं हैं। ना ही डाक्टर समेत बाकी सरकारी कर्मचारी, अफसरों के जरखरीद गुलाम हैं।

# संस्कृत विद्यालय में तीन दिवसीय स्वर्णिम शताब्दी महोत्सव संपन्न

**मुरैना।** विगत 120 वर्ष से निरंतर संचालित इस अंचल के एकमात्र संस्कृत विद्यालय में तीन दिवसीय स्वर्णिम शताब्दी महोत्सव का आयोजनकिया गया। 120 वर्षीय स्वर्णिम शताब्दी महोत्सव मुरैना गुरुणांगुरु पंडित गोपाल दास भैया द्वारा सन 1902 में स्थापित दिगंबर जैन समाज की सर्वाधिक प्राचीन धर्म सिद्धांत संस्कृति की शिक्षण संस्था श्री गोपाल दिगंबर जैन सिद्धांत संस्कृत महाविद्यालय मुरैना का 120 वर्षीय तीन दिवसीय स्वर्णिम शताब्दी महोत्सव नगर में विराजित पूज्य आचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में संपन्न हुआ। यह वह गौरवशाली शिक्षा संस्था है, जिसमें 9 आचार्य, 12 मुनिराज, 8 छुल्लकगण, 8 भट्टारक गण, 8 ब्रह्मचारी गण एवं लगभग 2500 विद्वान बरैया से लेकर छठवीं पीढ़ी के विद्वान चिकित्सक, उद्योगपति, संगीतकार, प्रतिष्ठाचार्य, मैनेजर आदि के रूप में समाज सेवा में समर्पित हुए। आयोजन के प्रथम दिवस पर समायोजन जगत के ख्याति लब्ध वरिष्ठ विद्वान डॉ अशोक वाराणसी, डॉ सुरेंद्र भारती बुरहानपुर भोपाल एवं विद्यालय के शताधिक स्नातक विद्वान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान आदि प्रान्तों से पधारे। जिनमें प्रमुख दीपचंद कोटिया नागपुर, पंडित प्रकाश भोपाल, पंडित संदीप, पंडित सुखानंद नीरज दिल्ली, पंडित रमेश जोबनेर, डॉ महावीर फौजदार, पंडित पंकज इंदौर, पंडित पंकज भोपाल आदि प्रमुख रहे। प्रथम दिवसीय तीन सत्रों में




उद्घाटन सत्र में मंगलाचरण दीप प्रज्वलन विद्वत वर्ग का परिचय एवं सम्मान स्वरूप प्रपत्र पत्रिका प्रदान की। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष भागचंद भंडारी ने की व मुख्य अतिथि गोपाल दास गांधी, विशेष अतिथि जगदीश प्रसाद ने रात्रि काल सत्रों में विद्वानों के आलेख एवं वक्तत्व प्रस्तुत किए। तीनों सत्रों का संचालन पंडित पवन दीवान मुरैना ने किया।

समारोह के द्वितीय दिवस में प्रातः व मध्यान्ह कालीन सत्र का संचालन डॉक्टर पंकज इंदौर ने किया। मंगलाचरण कुमारी आर्या एवं अक्षिता जैन इंदौर एवं अध्यक्षता डॉक्टर सुदर्शन लाल भोपाल ने की। डॉ जयकुमार सांगानेर, डॉक्टर सुरेंद्र भारती, डॉक्टर सुनील, संजय ललितपुर, डीके जैन मुरैना आदि ने सहभागिता की। इस सत्र के दौरान देवागम स्त्रोत्र, विश्वज्योति मातृका, नवीन अंक उच्चारण आचार्य विनम्र सागर जी का व्यक्तित्व व कृतित्व, गुरु गौरवाजलि, मंगलमय दांपत्य मुक्तामणि, नित्य महा अर्चन पूजादी कृतियों का लोकार्पण एवं वितरण विद्वत सभा में किया गया। मध्याह्न कालीन सत्र वीरेंद्र जैन डबरा की अध्यक्षता में पंडित संजय जैन सिहोंनिया के मंगलाचरण एवं समस्त अतिथि जिनेंद्र अंबाह, जगदीश प्रसाद आगरा, मूलचंद ठेकेदार, पंडित चंद्रप्रकाश ग्वालियर के दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। इस दौरान अतिथियों के वक्तव्य हुए। विद्यालय के स्नातक पंडित संदीप जैन दिल्ली को सन 2022 का प्रतिभा पुरस्कार उनके द्वारा विद्यालय को प्रदत्त आर्थिक विशेष सहयोग के लिए विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। पंडित मुकेश गुड़गांव, पंडित नीरज दिल्ली, ब्रह्मचारी जय निशात, ब्रह्मचारी अनीता दीदी आदि ने संस्था के उन्नयन हेतु सुझाव एवं विचार व्यक्त किए। संध्या काल सत्र 7:30 बजे डॉ हरीश चंद्र जी प्राचार्य के मंगलाचरण से मनोज वरेह उपाध्यक्ष के संचालन में विशिष्ट एवं मुख्य अतिथि पवन जैन डी जी भोपाल, संजीव जैन नगर कमिश्नर, जगदीश प्रसाद, सुनील सूरत, रविंद्र जम्मू सर भोपाल, कमलेश जैन सीए दिल्ली, वंदना एसडीएम, महेश बंगाली पंचायत अध्यक्ष, धर्मेंद्र एडवोकेट मंत्री आदि के आथित्य मैं मुख्य जयंती का समारोह सरस्वती भवन स्थित बरैया जी के स्टेचू के अनावरण से शुभारंभ हुआ। तृतीय दिवस को प्रातः सुझाव आदि प्रस्तुत किए गए व सभी वरिष्ठ एवं विद्वानों का समुचित सत्कार सम्मान किया गया। सत्र संचालन प्राचार्य ने किया। सुरेश चंद बाबूजी, जवाहर लाल बरैया, अभिषेक टीटू, सौरव जैन उपमंत्री ने स्मारिका एवं आवास व्यवस्था का समुचित दायित्व संभाला और 3 दिवसीय समारोह सानंद संपन्न हुआ।

## अवैध कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**कैलारस।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया अनुविभागीय अधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में उप निरीक्षक आरएन शर्मा को मय फोर्स के रवाना किया। बृजगढी नहर की पुलिया के पास मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर मय जिंदा राउंड के जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना चिन्नौनी में अपराध क्रमांक 52/2022 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौड़, उपनिरीक्षक आरएन शर्मा, सहायक निरीक्षक बच्चू सिंह, आरक्षक शिवम, आरक्षक अर्जुन, आरक्षक विजेंद्र की सराहनीय भूमिका रही है।




## मनरेगा के 4 हजार 88 निर्माण विकास कार्य पूर्ण

**मुरैना।** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2021-22 में स्वीकृत 11 हजार 474 निर्माण विकास कार्यो में से 4 हजार 88 निर्माण विकास कार्य पूर्ण किये गये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वाधिक 995 विकास कार्य पहाड़गढ़ ब्लॉक में किये गये है। मुरैना ब्लॉक में 761, पोरसा ब्लॉक में 346, सबलगढ़ ब्लॉक में 615, कैलारस ब्लॉक में 507, जौरा ब्लॉक में 656 और अम्बाह ब्लॉक में 208 निर्माण विकास कार्य पूर्ण किये गये है। सबलगढ़ ब्लॉक में 1 हजार 699, पहाड़गढ़ ब्लॉक में 5 हजार 862, मुरैना ब्लॉक में 1 हजार 151, कैलारस में 1 हजार 1 एक, जौरा ब्लॉक में 1 हजार 38, पोरसा ब्लॉक में 695 और अम्बाह ब्लॉक में 440 निर्माण विकास कार्य चालू है। इन निर्माण विकास कार्यो में जरूरतमंद ग्रामीणों को 100 दिवस का रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जिले में जरूरतमंद ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये 57 हजार 427 मस्टर इश्यू किये गये है, इनमें से 52 हजार 621 मस्टर (व्यक्ति) फील्ड में काम कर रहें है।

# धरना देकर छात्रों ने की परीक्षा रद्द करने की मांग


**कैलारस।** प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में हुई धांधली को लेकर पूरे प्रदेश भर में छात्र आन्दोलनरत है। आंदोलन की कड़ी में कैलारस में छात्रों ने स्टूडेन्ट्स फैडरेशन ऑफ इण्डिया (एसएफआई) के बैनर तले धरना आयोजित कर परीक्षा रद्द करने की मांग की। इस दौरान धरने में मौजूद छात्रों ने कहा कि सरकार ने अपात्र कंपनी एडुक्विटी को परीक्षा करने का ठेका दिया था, जिसने पेटी कॉन्ट्रेक्ट पर राजस्थान की कम्पनी को ठेका सौंप दिया। इससे स्पष्ट है कि घोटाले की व्यवस्था सरकार ने पहले से ही कर रखी थी। प्रारंभिक जांच में पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के बेटे के सागर स्थित कॉलेज से पेपर लीक हुआ था। इसके बावजूद भी सरकार पेपर रद्द न करते हुये दोषियो को बचा रही है। इससे यह स्पष्ट है कि सरकार स्वयं पूरे घोटाले शामिल है। धरने में एसएफआई के प्रांतीय संयुक्त सचिव राजवीर धाकड़, नगर संयोजक बॉबी धाकड़, शुभम शर्मा, महेन्द्र धाकड़, चन्द्रपाल धाकड़, अरविन्द सिकरवार, आशीष धाकड़, विनोद जाटव, विजेन्द्र धाकड़, विनोद धाकड, देवेन्द्र धाकड़, जितेन्द्र सिंह धाकड़, राजेश करन, दिनेश कुशवाह, मुकेश धाकड़ सहित कई छात्र शामिल रहे।




# सिंधिया नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे: राजेंद्र शुक्ला

**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मुरैना के मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने ग्वालियर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन का उपाध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया को बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। राजेंद्र शुक्ला ने कहा है कि महाआर्यमन सिंधिया, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पद चिन्हों पर चलकर नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे और कैलाश वासी माधवराव सिंधिया के सपनों को साकार करेंगे। राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि श्रीमंत महाआर्यमन सिंधिया के द्वारा प्रदेश के खेल प्रेमियों की मंशा के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय मैच ग्वालियर चंबल संभाग को प्राप्त होंगे और खेल को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं महाआर्यमन सिंधिया से निवेदन करता हूं कि वह राजनीति में सक्रिय भूमिका में आए और अपने पूर्वजों की तर्ज पर समाज सेवा कर अपने पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मानव सेवा के लिए समर्पित हो जाएं।






## अवैध रूप से रेत का उत्खनन करने वाले आरोपी को 03 माह का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** अवैध रूप से रेत का उत्खनन करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी निजाम खांन पुत्र मुद्दीन खांन उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कट्ठोली तहसील कैलारस जिला मुरैना को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 27 व 29 सहपठित धारा 51 व भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 सहपठित धारा 42 में दोषी पाते हुये 03-03 माह के सश्रम कारावास व कुल 6,500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि दिनांक 11 दिसम्बर 2021 को जब वनरक्षक, गेमरेंज देवरी के स्टाफ के साथ नियमित गस्ती का कार्य कर रहे थे, तब शाम करीब 07 बजे गस्तीदल को एक ट्रेक्टर ट्राली मय अवैध चंबल की रेत से भरे हुये जाते हुये दिखाई दिया, जिसे पीछा कर कैलारस पहाडगढ मार्ग पर मुडते समय घेरकर रोका गया। रोकने के पश्चात् ट्रेक्टर ट्राली का निरीक्षण किया गया जिसमें करीब 02 घन मीटर चंबल नदी का रेत भरा हुआ था व वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। वाहन चालक से उसका नाम पूछे जाने पर उसके द्वारा अपना नाम निजाम बताया। उक्त ट्रेक्टर ट्राली को मय चंबल नदी की रेत के जप्त कर जप्ती पंचनामा बनाया गया व आरोपी को गिरफ्तार अपराध पंजीबद्ध किया गया।



### मारपीट के आरोपी को 03 माह का कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** मारपीट करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी सोनू पुत्र सुरेश राठौर, उम्र 25 वर्ष, निवासी सब्जी मण्डी रोड पोरसा जिला मुरैना म.प्र. को भादवि की धारा 323 में दोषी पाते हुये 03 माह के कारावास व 1,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## नूराबाद थाने की सरकारी गाड़ी पलटी, बाल-बाल बचे एसआई और पुलिसकर्मी

**मुरैना।** बीती रात्रि चूरेला के पास पुलिस जीप पलट गई और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जीप में बैठे एसआई एवं कुछ पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरगोनि गांव में गोली चलने की सूचना मिलने पर नूराबाद थाने के सब इंस्पेक्टर जयपाल गुर्जर और सहायक उपनिरीक्षक मुन्नालाल, आरक्षक भूपेंद्र, दीनदयाल और अशोक गुर्जर गाड़ी में सवार थे, सभी लोग नूराबाद थाने की गाड़ी को लेकर गिरगोनी गांव की तरफ जा रहे थे, तभी गाड़ी ग्वालियर मुरैना हाईवे पर स्थित चुरहेला गांव से थोड़ा आगे की रोड पर तेलीय पदार्थ होने के कारण फिसल गई। जिससे गाड़ी करीब दो तीन पलटी मारकर खेत में जा गिरी। गाड़ी पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सड़क पर गाड़ी को सीधा किया गया। उसके बाद घायल पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद पुलिस द्वारा नगरपालिका कर्मचारियों को बुलाकर सड़क पर फैले तेल को साफ कराया गया, जिससे कोई और हादसा ना हो सके।



# नवरात्रि के मौके पर शक्ति की भक्ति थीम पर कार्यक्रम आयोजित

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में पर्यटक स्वागत केंद्र पर गतदिवस को महिलाओं और बच्चियों द्वारा नवरात्र के मौके पर शक्ति की भक्ति थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम को ना सिर्फ महिलाओं द्वारा संचालन किया गया बल्कि पूरे कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। छोटी-छोटी, नन्ही-मुन्नी बच्चियों का नृत्य और गायन विशेष तौर पर सराहा गया, वही शासकीय अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रावास की बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम में बेहद शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नगरपालिका की समग्र विस्तार अधिकारी शिल्पी मिश्रा, बॉम्बे से आए फ़िल्म डायरेक्टर अनिल पाटिल, फ़िल्म मेकर राजेश झा, डीएटीसीसी के अरविंद सिंह तोमर, महेंद्र सिंह राजावत, मनीष जैन, आरपीएस कुशवाह,



गिरीश मिश्रा, नीतू श्रीवास्तव, राजेश गोयल, आशा शर्मा व मुकेश आचार्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

डीएटीसीसी के सदस्य एव मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर ने बताया कि पर्यटक स्वागत केंद्र पर शिवपुरी जिले के कलेक्टर एवं डीएटीसीसी के अध्यक्ष अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन व डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल के मार्गदर्शन में छत्री रोड स्थित पर्यटक स्वागत केन्द्र पर रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम महिलाओं द्वारा नारी शक्ति मातृशक्ति के रूप में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि से लेकर मंच संचालन भी महिलाओं द्वारा किया गया।

### आर.जी.डांस ग्रुप ने दी प्रस्तुति

छोटी सी बच्ची तानजल प्रीत कौर का मनमोहक नृत्य सभी ने सराहा। कार्यक्रम में शहर के आर.जी.ग्रुप के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। वही 4 साल की नन्ही गर्विता ने भगवान शिव की स्तुति सुनाकर अचम्भित कर दिया। इसके अलावा पायल रावत, रोशनी जाटव, सुरभि मिश्रा, वेदिका अग्रवाल, राधिका प्रजापति, नैंसी शर्मा, आर.जी.ग्रुप, संगीता श्रीवास्तव, नीरज राणावत, तांजिल प्रीत कौर, प्रियंका मिश्रा और अनुसूचित जनजाति छात्रावास की बालिकाएं रजनी आदिवासी, सेवा आदिवासी आदि में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

# मेडिकल कॉलेज और नगर पालिका के अफसरों की सांठगांठ से चल रहा अतिक्रमण का खेल



अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी का मेडिकल कॉलेज से है जहां पर काफी समय से अतिक्रमण धारियों ने अपनी टपरिया बनाकर अतिक्रमण करके रखा है पर इस अतिक्रमण से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है मेडिकल कॉलेज के पास जो अतिक्रमण है अतिक्रमण को आखिर नगर पालिका क्यों नहीं हटाना चाहती है या नगरपालिका को इस विषय में कोई जानकारी नहीं है या फिर यह जो अतिक्रमण हो रहा है भाई नगरपालिका के आला अधिकारियों की देखरेख में हो रहा है हम आपको बता दें कि सूत्रों के अनुसार जानकारी मिली है कि जो अतिक्रमण किया गया है उसमें मेडिकल कॉलेज के आला अधिकारियों का भी हाथ है तो कहीं ऐसा तो नहीं है कि नगर पालिका प्रशासन इस वजह से कार्रवाई करने में नाकाम है

### कहां है नगरपालिका के सीएमओ

हम आपको बता दें कि वैसे तो नगर पालिका द्वारा जगह-जगह पर अतिक्रमण को हटाया जा रहा है पर मेडिकल कॉलेज के पास के अतिक्रमण पर क्यों नगरपालिका के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है आखिर ऐसा क्या कारण है और साथ ही क्या सीएमओ साहब नगर की जनता को यह बताना चाहते हैं कि हम अपने नगर पालिका के ऑफिस पर ना बैठते हुए भी अपने घर से नगर पालिका के सारे काम कर रहे हैं

### नगर पालिका में नहीं मिलते सीएमओ साहब

साथ ही अगर कोई व्यक्ति अपनी आवेदन या समस्या को लेकर नगर पालिका जाता है तो नगरपालिका के सीएमओ नगर पालिका ऑफिस पर उपस्थित नहीं होते हैं नगरपालिका के सीएमओ साहब कभी नगर पालिका ऑफिस पर नहीं मिलते हैं जिससे लोगों को कहां थी और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है

### सूत्रों के अनुसार यह भी जानकारी मिली है

अतिक्रमण धारियों द्वारा जो अतिक्रमण कर वहां पर अपनी जो टपरिया बनाई गई है इन टपरियों को 3000 या 4000 महीने पर कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा किराए पर भी देकर रखा गया है साथ ही ऐसी जानकारी लग रही है कि जो टपरिया किराए पर दी गई हैं वह मेडिकल कॉलेज में पदस्थ नर्सिंग ऑफीसरओं की है जिनका किराया मेडिकल अफसरों के पास पहुंचता है जिनके सिरे से यह अतिक्रमण करवाया जा रहा है इन पर नगरपालिका जल्द कार्रवाई करें।

## दिनारा में क्योस्क सेंटर का शुभारंभ



### शिव मार्केट डांग बंगला के पास हुआ स्टेट बैंक का क्योस्क सेंटर संचालित

पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी** । दिनारा कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी क्योस्क सेंटर (ग्राहक सेवा केंद्र) का स्थान पुराने स्टेट बैंक परिसर से हटाकर डांक बंगला के पास न्यू मार्केट (शिव मार्केट) में संचालित कर दी गई जिसका शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अजीत यादव ने फीता काटकर किया और ग्राहक सेवा केंद्र संचालक संगीता-ब्रजेन्द्र सिंह रावत ने सेंटर पर आए बुजुर्ग महिला पुरुषों को अलग से लेनदेन की व्यवस्था कि शाखा प्रबंधक अजित यादव ने कहा कि ग्राहकों को सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक की दिनारा शाखा ने दिनारा, खुदावली डामरोन दबरा दिनारा में क्योस्क सेंटर ग्राहक सेवा केंद्र की शुरुआत की जिसमे लोग आसानी से लेंन देन अपने गांव में ही कर सकते है दिनारा कस्बा काफी बड़ा है उस स्थान पर जगह की कमी होने के कारण स्थान परिवर्तन किया जिससे लोगो को सेंटर पर कोई समस्या न हो इस मौके पर भाजपा नेता देवेन्द्र खटीक,सुमित नीखरा,रोहित तिवारी, अरूण नामदेव ,शैतान सिंह रावत अजय जोशी सहित बैंक स्टाफ सर्वज्ञ श्रीवास्तव सुनील नरवरिया सुंदर केवट व आमजन मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान मंगलवार को करेंगे मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना का शुभारंभ

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अपनी संकल्पना के अनुरूप युवाओं को रोजगार सम्पन्न बनाने की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना का मंगलवार 5 अप्रैल को शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशानुरूप योजना को स्व-रोजगार फ्रेंडली बनाया गया है, जिसमें युवाओं को खुद के रोजगार के लिए एक लाख से 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। आयुक्त उद्योग और एमएसएमई के सचिव श्री पी. नरहरि ने बताया है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हाल) भोपाल में दोपहर एक बजे से प्रारंभ होगा।

# व्यापम द्वारा कराई गई पुलिस, शिक्षक परीक्षा रद्द हो इसकी उच्च स्तरीय जांच हो: हेमंत यादव

### बेरोजगार शिक्षित संघ ने परीक्षा रद्द एवं जांच करवाने दिया ज्ञापन

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजली टुडे

**शिवपुरी-** शिक्षित बेरोजगार संघ द्वारा कलेक्ट्रेट में जाकर मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा संघ के हेमंत यादव बडोदी द्वारा बताया गया कि प्रदेश की परीक्षाओं का जिम्मा व्यापम के पास है कई बार इसका नाम बदल दिया गया लेकिन इसमें व्याप्त भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है इसमें पुलिस आरक्षक भर्ती, शिक्षक भर्ती सहित अन्य परीक्षाओं का आयोजन हुआ है उनमें जमकर भ्रष्टाचार हुआ है सोशल मीडिया पर परीक्षा से पहले पेपर लीक हुए हैं लेकर लेकिन सरकार ने ना तो इन परीक्षाओं को रद्द किया है और ना ही जांच करने के आदेश दिए हैं द्य



बेरोजगार शिक्षित संघ के पदाधिकारियों का कहना है जिस एजेंसी से परीक्षा कराई जा रही है वह एजेंसी दूसरी एजेंसी को पेटी कांटेक्ट पर परीक्षा की जिम्मेदारी दे रही है इनसे कैसे उम्मीद की जा सकती है ईमानदारी से परीक्षा आयोजित कर पाएंगे बेरोजगार शिक्षक संघ माननीय मुख्यमंत्री महोदय से मांग करता है आरक्षक भर्ती ,जेल प्रहरी, शिक्षक भर्ती सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं को रद्द कर नए सिरे से परीक्षा आयोजित करवाए और इन परीक्षाओं में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों कंपनी के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा आने वाले समय में बेरोजगार शिक्षक संघ जिला स्तर पर आंदोलन करेगा और परीक्षा में हो रहे भ्रष्टाचार को जनता के बीच ले जाएगा

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन कर रही है विप्रों को एकजुट करने का कार्य

### वार्ड नं.37 की कार्यकारिणी गठित:पं.राजेश मिश्रा बने अध्यक्ष, सचिव सुरेन्द्र मिश्रा व पं.ओमप्रकाश शर्मा बने उपाध्यक्ष

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी:-** विप्र बंधु समाज की धुरी हैं और उन्हें समाज बंधुओं की एकता, अखंडता व सामाजिक बुराईओं को दूर करते हुए विप्र बंधुओं के उत्थान के कार्य में लग जाना चाहिए यह बात अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के संभागीय उपाध्यक्ष श्रीनिवास उपाध्याय ने ब्राह्मण समाज की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन की बैठक रविवार को वार्ड न. 37 के एकता हायर सेकेण्डरी स्कूल कमलागंज में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता पं.रामसेवक शर्मा ने की तथा बैठक में विशिष्ठ अतिथि के रूप में देवेन्द्र नारायण टेडिया उपस्थित थे। बैठक में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिलाध्यक्ष पं. पुरूषोत्तम कांत शर्मा ने वार्ड नं. 37 की कार्यकारिणी के गठन एवं सामाजिक उत्थान के लिए छात्रावास, धर्मशाल निर्माण, निर्धन छात्रों को पुस्तकें वितरण व प्रोत्साहन हेतू आर्थिक सहयोग करने व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों हेतू विस्तृत कार्य योजना तैयार कर धरातलीय कार्य करने हेतू विप्र बंधुओं से अनुरोध किया। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं



में महेश शर्मा, ललित दीक्षित, धीरज शर्मा, देवेन्द्र गौड़, देवेन्द्र कन्हौआ, चतुर्भुज शर्मा, प्रदीप शर्मा सुआटौर, रामगोपाल शर्मा एवं सत्यम नायक ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता बनाए रखने एवं सामाजिक बुराईओं को समाप्त करने पर जोर दिया। बैठक में वार्ड नं. 37 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक महेश शर्मा अध्यक्ष राजेश मिश्रा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, सचिव सुरेन्द्र मिश्रा, सहसचिव हृदेश पाण्डे, महामंत्री वीरेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष देवकी नंदन शर्मा, महामंत्री प्रशांत कुमार तिवारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों में महेश कुमार भार्गव, रोहित उपाध्याय, संजय शर्मा, आदि को शामिल किया गया। सभी नवीन पदाधिकारियों को विप्र बंधुओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कार्यक्रम का संचालन महावीर मुद्गल द्वारा किया गया। विप्र बंधुओं को सामाजिक एप से जोड़ने का कार्य आईटी प्रभारी यशवंत भार्गव ने किया। बैठक में बैंक कॉलोनी, इन्द्रप्रस्थ नगर, द्वारिका पुरी, श्रीलाल का बाड़ा, सुभाष कॉलोनी एवं बाबू क्वाटर के विप्र बंधुओं सहित प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, राजेन्द्र पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, शहर अध्यक्ष डॉ.वी के शर्मा, महेन्द्र गौड़, विष्णू प्रसाद शर्मा, द्वारिका प्रसाद शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा, वसंत शर्मा, राकेश विरथरे, वीरेन्द्र अवस्थी, गजानंद शर्मा, गोपाल त्रिवेदी, उमाशंकर शर्मा, नरेश भार्गव आदि उपस्थित थे।

# जय माई मानव सेवा समिति द्वारा मेडिकल कॉलेज में दिया ज्ञापन

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी से जहां पर आज जय माई मानव सेवा समिति द्वारा शिवपुरी के मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक को शीघ्र से शीघ्र खोलने के लिए मेडिकल कॉलेज के पीआरओ को दिया ज्ञापन शिवपुरी में चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ होने के बाद मरीजों द्वारा का इलाज भी निरंतर किया जा रहा है। मरीजों को ब्लड की आवश्यकता होने पर परेशान होना पड़ता है, थैलीसीमियां से ग्रसित बच्चों को फिल्टर ब्लड एवं प्लाजमा प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है, कुछ अवसरों पर मरीजों की जान का भी खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति में चिकित्सा महाविद्यालय में शीघ्रातिशीघ्र ÷ब्लड बैंक÷ प्रारंभ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अतः मरीज हित में अनुरोध है कि चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी में शीघ्रातिशीघ्र ÷ब्लड बैंक÷ प्रारंभ करवाने की कृपा करें।

### मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल आना पड़ता है मरीज के परिजनों को ब्लड लेने



हम आपको बता दें कि मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक ना होने की वजह से 5 से 7 किलोमीटर दूर मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल मरीजों को ब्लड लेने आना पड़ता है*जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी ठ्ठद्गश्* ने आज शिवपुरी मेडिकल कॉलेज का ब्लड बैंक अभी तक शुरू नही किया गया है और काफी टाइम से बोला जा रहा है कि बहुत बहुत शुरू हो जाएगा पर अभी तक 3 महीने पूरे हो गए पर ब्लड बैंक शुरू नहीं किया गया है जब कि मेडिकल कॉलेज सब कुछ चालू कर दिया है पर ब्लड बैंक चालू नही किया गया है मेडिकल कॉलेज में सभी तरह के मरीज को एडमिड किया जा रहा है और पर डे डिलीवरी हो रही है ओ.टी.भी चालू हो गयी है पर रक्तकोष के लिए ब्लड बैंक चालू नही किया गया है जब कि मेडिकल कॉलेज इतनी बड़ी लागत में बना है फिर भी ब्लड बैंक चालू नही किया पर ओर सब चालू कर दिया गया है जब कि मेडिकल कॉलेज का ब्लड बैंक शुरू हो गया होता तो यहां के मरीजो को ये मजबूरी का सामना नही करना पड़ता जैसे - थैलेसिमिया बीमारी से पीड़ित बच्चो को फिल्टर ब्लड नही मिलना और काफी मरीज ऐसे भी रहते है जिनको ब्लड के अलावा प्लाज्मा भी शिवपुरी में नही मिलता है अगर मेडिकल कॉलेज का ब्लड बैंक सही तरह से शुरू कर दिया जाए तो शिवपुरी की जनता को शिवपुरी टू ग्वालियर ओर शिवपुरी टू भोपाल, इंदौर नही जाना पड़ेगा फिर अगर इस मेडिकल कॉलेज में अगर ये सब सेवा शुरू कर दी जाए तो किसी को कही जाना नही पड़ेगा आज एसलिये जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी ठ्ठद्गश् ने शिवपुरी मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है कि शिवपुरी मेडिकल कॉलेज का ब्लड बैंक जल्द से जल्द से शुरू करा दिया जाए।

## पैतृक जमीन पर कब्जा कर रहे दबंग महिला पहुंची एसपी ऑफिस

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिले के जिला मुख्यालयसे है जहाँ जिले की तहसील कोलारस से आई महिला ने बताया महिला कोलारस तहसील जिला शिवपुरी के स्थायी मूल निवासी हैं और वह स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम कोलारस के सर्वे नं0 598, 599, 607, 595, 596, 600, 601, 602, 605, 607 कुलकिता 10 कुल रकवा 0.38 हैक्टर जो राजस्व अभिलेख में महिला एवं परिजनों के नाम से इन्द्राज है। उक्त कृषि भूमि महिला के पूर्वजों की है महिला ने अमजद पुत्र श्री रियाद निवासी जवाहरकॉलोनी पुरानी शिवपुरी के नाम एक विक्रय अनुबंधपत्र किया था, विक्रय अनुबंधपत्र की शर्त के अनुसार महिला उक्त कृषि भूमि की साफ सफाई कर पत्थर, साफ कर बाउण्ड्री कराकर देने का तय हुआ था। लेकिन महिला जब अपनी कृषि भूमि पर पत्थर मटेरियल आदि साफ कर रहे थे तथा बाउण्ड्री आदि कर रहे थे तब काजी मुसलमान आकर महिला के साथ माँ बहिन की गंदी गदी गाली गालोच करते हुये कहने लगा कि यह हम हमारी कब्रिस्तान की भूमि है। और काजी मुसलमान समूह के द्वारा कहना था कि भूमि पर सुरेश कुशवाह काम कर रहा था जिसके उसके साथ लात घूसों डण्डों से मारपीट कर दी है जिससे उसके यहाँ चोटें आयी है। महिला की कृषि भूमि से काजी मुसलमान समूह की कब्रिस्तान की भूमि दूर है।महिला के खिलाफ आरोपी काजी मुसलमान समूह कोलारस के द्वारा एक झूठा शिकायती आवेदन थाना कोलारस में दिया है जबकि उक्त भूमि हमे पैतृकता के आधार पर प्राप्त हुई है। जिसमें हम पुलिस थाना कोलारस में दिनांक को कथन भी दर्ज हो चुके है। इसी उपरांत दिनांक ..को को अनुविभागीय अधिकारी कोलारस तह0 कोलारस जिला शिवपुरी में सीमांकन हेतु आवेदन भी दिया जा चुका है। उक्त काजी मुसलमान समूह के द्वारा महिला और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी है और कहा जा रहा है कि उक्त भूमि को हमें दानपत्र के माध्यम से विक्रय पत्र के माध्यम से दे दो नही तो तुम्हारी परिवार सहित हत्या कर देंगे और कोई हमारा कुछ नहीं कर पायेगा।

## पूर्व कृषि मंत्री न किया सिद्धिविनायक क्लॉथ स्टोर का उद्घाटन



**जितेंद्र सिंह चीफ ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** समारोह में पूर्व कृषि मंत्री डॉक्टर प्रभु लाल सैनी के साथ उनियारा तहसील अध्यक्ष तेजपाल सैनी लोगों को संबोधित करते हुए तेजपाल सैनी ने कहा बुलंदियों को छूने के लिए बिजनेस इंडस्ट्री में कदम रखना बहुत जरूरी है हम किसान कॉम से आते हैं मगर आप सब जानते हो किसान का जीवन कैसा होता है किसान दिन रात मेहनत करके फसल पैदा करता है और कभी-कभी प्राकृतिक आपदा की वजह से वह फसल चौपट हो जाती है और किसान कर्ज तले दब जाता है इसलिए मैं तो देश के बच्चे बच्चे से यह कहना चाहता हूं बनना चाहते हो पैसे वाले तो बिजनेस इंडस्ट्री में आपको आना होगा बिजनेस चाहे छोटा हो या बड़ा हो शुरुआत आप छोटी करके अपने बिजनेस को बड़ा कर सकते हो डायमंड व्यापारी पांचू लाल सैनी एडवोकेट नवरत्न सैनी भजन गायक कलाकार हेमराज सैनी अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ सरपंच भी कर रहे गौसेवा

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

**पलेरा।** ग्राम आलमपुरा में ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की एक कुआ में गाय गिर गई तत्काल बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा गौमाता को सुरक्षित बाहर निकला इस मौके पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ आलमपुरा के सरपंच नीरज खरे की अहम भूमिका रही ग्राम संयोजक दीपक कुशवाहा सुनील कुशवाहा संजू धीरज राजा खरे अखलेश सुरेंद्र रामकुमार पन्ना लाल कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे



## जल्द ही प्रदेश के सभी विद्यार्थियों को मिलेगी डिजिटल लॉकर की सुविधा

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल्द ही प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को डिजिटल लॉकर की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान युवा संवाद के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को संबोधित करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े उनके सवालों के जवाब भी देंगे। मंत्री डॉ. यादव युवा संवाद कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भोपाल के कुशाभाऊ सभागार में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में एनआईसी के माध्यम से 52 जिला मुख्यालयों तथा शासकीय महाविद्यालयों में स्थापित वर्चुअल कक्षाओं के माध्यम से 25 हजार से अधिक विद्यार्थी सीधा संवाद कर सकेंगे। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश योजना में विश्वविद्यालयों को डिजी लॉकर से एकीकृत किया जाना है। इसके लिये बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को नोडल बनाया गया है।

# ईश्वर को याद करोगे तो ईश्वर सदैव आपके साथ रहता है: रेखा बहन

**पुष्पांजली टुडे**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुख्य सेवा केंद्र गांधीनगर आश्रम के द्वारा आज बसंत विहार कॉलोनी नई बस्ती में सत्संग कार्यक्रम कराया गया 75 बी आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम में आज नवदुर्गा महोत्सव के दूसरे दिन भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना गुप्ता के यहां पर कार्यक्रम किया गया सत्संग ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने सत्संग में कहा कि हमें अगर देवी शक्ति चाहिए तो हमें अपने अंदर वह देवी गुण लाने होंगे और गुणों के लाने के लिए हमें पूजा-पाठ तब अर्थात मेडिटेशन भी करना होगा तभी देवी माँ खुश होंगी ब्रम्हाकुमारी रेखा बहन ने कहा हमेशा हमें सत मार्ग पर ही चलना चाहिए तभी भगवान का आशीर्वाद और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद हमें मिलता है और सभी को हमें सुख देने की कला सीखनी चाहिए सब के दुख में हमें साथ देना चाहिए अच्छे कार्यों के लिए लोगों को जागरूक करना चाहिए और कहा कि जैसा कर्म हम करेंगे हमें देखकर और लोग करेंगे इसलिए हमें सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए साथ-साथ यह भी बताया जैसा खाएंगे अन्न वैसा होगा मन जैसा पिएंगे पानी वैसी होगी वाणी इसलिए पानी का महत्व बहुत है कहा जाता है कि इन्होंने घाट घाट का पानी पिया है या यह भी कहते हैं कि इनके घर का पानी बड़ा सोच समझ कर पिये हैं इसलिए पानी जब भी पिए और भोजन तब भी करें तो परमात्मा की याद की शक्ति



उसमें कुछ सेकंड या 1 मिनट के लिए अवश्य ही डालें परमात्मा से शक्ति आ रही है प्रेम की आनंद की सुख की शांति की और उस भोजन में ज्ञान अमृत की वर्षा हो रही है तो वह जल और भोजन दोनों ही प्रसाद बन जाता है और इसलिए यह सिद्ध होता है कि जैसा खाएंगे अन्न वैसा होगा मन प्रत्येक व्यक्ति को गुस्सा का त्याग करना चाहिए और धैर्य धारण करने की शक्ति होनी चाहिए घर परिवार में शांति का वातावरण होना चाहिए अपने आस पड़ोसियों से हमेशा बना कर चलनी चाहिए लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे तत्पर रहना चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से गीता कमला पुष्पा सुमन आशा ज्योति रेशम देवी रामदुलारी शिवहरे शशि तोमर वंदना शर्मा पिंकी तोमर प्रवेश गुप्ता रेखा जैन किरण जैन कुमकुम गुप्ता पूजा तोमर शिवानी गुप्ता शीला श्रीवास्तव मीरा वर्मा अंशुल गुप्ता सहित आदा सैकड़ा महिलाए उपस्तित रही




## विकलांग खिलाड़ियों का बघेल समाज के द्वारा किया गया प्रतिभा सम्मान

### मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधीश व एसपी रहे मौजूद

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** एशियन पैरा चैंपियनशिप 2022 के अंतरराष्ट्रीय विकलांग खिलाड़ियों का बघेल समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम किया गया।इसके साथ ही एक पैडल भेंट स्वरूप खिलाड़ियों को बघेल समाज के द्वारा दिया गया जिससे भविष्य में और भी खिलाड़ियों को खेल सामग्री के आभाव में वँचित ना रहना पड़े कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश एवं विशिष्ट अतिथि एस पी महोदय रहे एवं अन्य अथिति के रुप में किशोरी क्लब के संरक्षक राधेगोपाल यादव जी आजाद अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष बदन सिंह बघेल,सौरभ बघेल राज्य सचिव विकलांग बल मप्र रहे। कलेक्टर महोदय जी के द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया गया कार्यक्रम के अंत मै समस्त दिव्यांग साथियों का स्वागत एवं सम्मान कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय जी के द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम के पदक विजेता

पूजा ओझा,राजवीर बघेल,गजेंद्र कुशवाह गिर्राज भदौरिया,अबधेश सिंह भदौरिया नरेंद्र बघेल नीरज यादव रहे। बघेल समाज के शिक्षक महेश सिंह बघेल,सुनील बघेल,मनोज बघेल,वीरेंद्र सिंह,अजय कुमार,संजीव सिंह विनोद सिंह,मोहर सिंह,मेघनाथ,अभिलाख बघेल,देबेन्द्र,और मोहर सिंह,ललिता आदि एवं बघेल समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आस्था, विश्वास,मान-मन्नत का महालोक पर्व गणगौर पर्व का समागम कुक्षी मे

**पुष्पाजंली टुडे**

**कुक्षी /मध्यप्रदेश–** गणगौर पर्व क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मनाया जाता है।सीरवी बाहुल्य कुक्षी के साथ आसपास के कापसी, बडग्यार, लोहारा, आली, बढ़दा, अमलाल, लोहारी, नवादपुरा, बाघ, टांडा, दोगवा, कोणदा, ननोदा, देस्वलिया आदि ग्रामों में गणगौर पर्व बड़े उत्साह, उमंग से मनाया जाता है।गणगौर पर्व की विशेष छटा गणगौरी तीज 04 अप्रैल से 08 अप्रैल तक रहेगी।विगत दो वर्षों से कोरोना के कहर से बचने के लिये समाज सकल पंच समिति ने सभी समाजजनों को घर पर ही रहकर इस महापर्व की सलाह दि थी।अब दो वर्ष के



बाद इस महापर्व में जबरजस्त उत्साह माता के भक्तों में देखने को मिल रहा है उत्सव स्थल श्री आईमाताजी मंदिर चौक, बड़ी हताई, छोटी हताई, श्री राम चौक,नयापुरा, रेटकुआँ, जवाहर चौक को दुल्हन की तरह सजाया जा चुका है। गणगौरी तीज आज से बिखरेगी पर्व की छटा 04 अप्रैल सोमवार चैत्र शुक्ल सुदी तीज को माता की बाड़ी में जवारों का दर्शन-पूजन करने अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। माता की मुख्य बाड़ी से ज्वारों को श्रृंगारित काष्ठ प्रतिमाओं में रखकर चल समारोह के साथ घर लाया जाएगा। इसके बाद गणगौर माता के गीत गूंजने लगेंगे। रात में मटकी नृत्य, भक्ति गीत, लोकगीत के साथ समाजजनों द्वारा रतजगा किया जाएगा। 7 अप्रैल 2022 गुरुवार को मनीष मोतीलाल पंवार राम चौक द्वारा गणगौर माता का रात्रि विश्राम ( मान-मन्नत पूर्ण ) किया जाएगा 08 अप्रैल 2022 को विसर्जन होगा।

## भिंड तिराहे पर ट्रक ने मारी टक्कर एक व्यक्ति के दोनों पैर हुए जख्मी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जंडेल जाटव पुत्र अतर सिंह जाटव निवासी खेरिया तोर उम्र 50 बर्ष के ट्रक की टक्कर से दोनो पैर जख्मी हुए ट्रक क्रमांक mpo7 hb 7426 के चालक ने बड़ी तेजी व लपरिभाई से चलाते हुए युवक में टक्कर मारी युवक के दोनों पैरों पर चढ़ाते हुए निकल गया युवक के दोनों पर हुए बुरी तरह जख्मी मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया जहाँ से डाक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए घायल जंडेल जाटव को ग्वालियर किया रैफर, मेहगांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर करते ट्रक को किया जप्त।



## बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु बाल विकास वर्ग आवश्यक : डॉ. प्रतिमा

### खेल -खेल में संस्कार ग्रहण कर रहे बच्चे

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**भिण्ड।** वि.हि.प. के दुर्गा वाहिनी / मातृशक्ति दुवारा 10 दिवसीय बाल विकास वर्ग संचालित किया जा रहा है । जिसमें बच्चे बड़े उत्साह से सहभागिता कर रहे है । इस वर्ग में बच्चे सच्चा वीर बना दे माँ ÷ गीत राष्ट्रभक्ति गीत , भजन का नित अभ्यास करते हैं । अंताक्षरी , चित्रकला , रंगोली , प्रेरणादायी बोधकथा के साथ - साथ खेलों का अभ्यास भी बच्चे कर रहे हैं । हम जिस शहर में रहते हैं ÷भिण्ड ÷ नगर के प्रति हमारे की भिण्ड नगर को नम्बर 1 पर लाने के लिए हमारे प्रयाशों में स्वच्छता , जल बचाना गौ माता को रोटी , चिड़ियों को दाना पानी सामाजिक % समरस जीवन जीने की कला , बड़ो के प्रति व माता पिता के प्रति बच्चों के कर्तव्य उनका सम्मान करना




ऐसे कई प्रकार के संस्कार बच्चों को सिखाकर उनकी प्रतिभा प्रदर्शन हेतु % झुक्कड नाटक ÷ भी बच्चो द्वारा प्रस्तुत किया गया जिससे हम भिण्ड नगर को स्वच्छ व सुरक्षित कर नम्बर 1 पर ला सकते है। यह संदेश इस नाटिका दवारा दिया गया इस वर्ग प्रतिदिन 2 घण्टे के लिए एकत्रित होकर खेल -खेल में संस्कार ग्रहण कर रहे हो। इस वर्ग में मातृशक्ति जिला संयोजिका कल्पना सोनी जी दुर्गावाहिनी, जिला संयोजिका प्रियांशी जी महिमा जी व मुन्नी द्ववारा यह वर्ग संचालित हो रहा है । वर्ग का उद्घाटन केन्द्रीय मन्त्री मीनाक्षी ताई विश्वे जी व संगीता ताई गोखले , प्रान्त उपाध्यक्ष विहिप अर्चनाजी शिकरवार व अन्य दुर्गा वाहिनी / मातृशक्ति की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।

## दतिया कोतवाली पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालक को किया ग्वालियर से दस्तयाब




**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया** पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिह राठौर के निर्देशन में अति पुलिस अधीक्षक श्री कमल मोर्य एवं एसडीओपी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी श्री रविन्द्र शर्मा के द्वारा थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 172/22 धारा 363 भादवि में 14 वर्षीय बालक को दस्तयाव करने हेतु टीम गठित की गई जिसमे बालक को ग्वालियर से दस्तयाव किया। मामला यह हैकि दिनांक 01.4 .22 को फरियादी शाकिर अली निवासी भटियारा मोहल्ला दतिया ने रिपोर्ट किया कि मेरा नाबालिक लड़का कहीं चला गया है जिस पर से अपराध पंजीबद्ध कर शीघ्र दस्तयावी का प्रयास कर दिनांक 03.04.22 को जिला ग्वालियर से दस्तयाव किया गया बालक की दस्तयाबी में सराहनीय भूमिका निरी. रविन्द्र शर्मा सहायक उपनिरीक्षक रामनिवास नंदा आदि।

# ई-रिक्शा यूनियन ने दर्ज की जीत, नगरपालिका ने रोकी बसूली

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**गोहद।** सुनील माहौर अध्यक्ष ई रिक्शा यूनियन ( सीटू ) से प्राप्त जानकारी अनुसार लंबे अरसे से ई रिक्शा यूनियन(सीटू) एवं उसके सहयोगी संगठन मध्य प्रदेश किसान सभा, जनवादी महिला समिति,नौजवान सभा ने संयुक्त रुप से ई-रिक्शा से नगरपालिका ठेकेदार के माध्यम से कराई जा रही वसूली के विरोध स्वरूप ई-रिक्शा चालकों ने बीते महीने एकत्रित होकर सीएमओ से लेकर गोहद एडीएम को मांग पत्र सौंपा था जिसमें ई रिक्शा से ठेकेदार द्वारा की जा रही वसूली रोके जाने की मांग की गई थी मगर तत्काल वसूली बंद नई होने पर ई रिक्शा चालक यूनियन व्दारा सभा की गई और गोहद में रैली निकाली गई तथा गोहद बंद का आह्वान किया था जैसे ही आंदोलन ने रफ्तार पकड़ी गोहद बंद को देखते हुए सीएमओ गोहद ने आर्डर शीट पर रिक्शा चालक यूनियन आंदोलन का हवाला देकर किए गए हाट बाजार ठेके के दौरान ई-रिक्शा वसूली रोकने के निर्देश जारी किए इससे ई-रिक्शा चालकों में खुशी की लहर दौड़ गई है बीते 2 अप्रैल को ई रिक्शा चालक यूनियन ने मीटिंग कर 12 अप्रैल को विजय जुलूस निकालने का फैसला लिया इस दौरान सभा कर बधाई देने का काम किया जावेगा तथा ई रिक्शा चालक एक दूसरे को मिष्ठान वितरण भी करेंगे इस अवसर पर यूनियन को मजबूत किए जाने का संकल्प भी लिया जावेगा

जानकारी देते हुए ई रिक्शा चालक



यूनियन सीटू के अध्यक्ष सुनील माहौर ने बताया है कि बीते 2 अप्रैल को हुई बैठक में मुख्य रुप से पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर यूनियन के कार्यकर्ता गिर्राज ओझा प्रमोद राठौर ,राजेंद्र राठौर, हरेंद्र राठौर कुलदीप जाटव , हनुमंत जाटव के अलावा कल्याणसिंह माहौर, आकाश बाथम , सहित बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद थे सभी ने एक स्वर से कहा कि ई-रिक्शा से तो वसूली रोक दी गई है मगर हाट बाजार का ठेका तथा गुमटी ठेले वालों से वसूली ठेकेदार द्वारा जारी है इनको भी लामबंद कर ठेके का विरोध किया जावेगा तथा ठेका निरस्त होने पर ही आंदोलन को रोका जावेगा ठेका वसूली चलती रहेगी तो श्रमिकों का आंदोलन भी जब तक वसूली बंद नहीं होती तब तक चलता रहेगा एवं आंदोलनात्मक गतिविधियों को तेज किया जावेगा जिसमें समस्त जम्मेदारी नगर प्रशासन की होगी।

## पंडित देवीदीन पुरोहित की स्मृति में नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर हुआ संपन्न

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**फूप।** पंडित देवीदीन पुरोहित स्मृति नेत्र चिकित्सा शिविर ग्राम भगवासी में संपन्न आज ग्राम भगवा सी में ज्योतिष एवं कर्मकांड के प्रकांड विद्वान पंडित देवीदीन पुरोहित की स्मृति में नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर संपन्न हुआ जिसमें रतन ज्योति नेत्र चिकित्सालय ग्वालियर के वरिष्ठ चिकित्सक विनोद जी भदोरिया एवं डॉक्टर सैनी के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए हुए मरीजों का नेत्र परीक्षण किया और उन्हें नेत्र चिकित्सा हेतु ड्रॉप वितरित किए साथ ही साथ 37 लोगों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया जिन्हें आज ही बस के द्वारा रतन ज्योति नेत्रालय की ओर भेजा गया जहां पर उनका मोतियाबिंद ऑपरेशन होने के बाद घर वापस भेजा जाएगा आज के शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हुए 200 से अधिक लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण हुआ शिविर के समापन की वेला में चिकित्सा के लिए आए हुए समस्त चिकित्सकों समस्त मरीजों एवं उनके साथ आए हुए पाल को और गणमान्य जनों के साथ-साथ व्यवस्था में लगे हुए युवा कार्यकर्ताओं को आचार्य बृज मोहन पुरोहित की ओर से शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया इस अवसर श्री गोरेलाल जी पटेल गंगाचरण सरपंच रामजी लाल सरपंच नीकेराम सरपंच जबर सिंह सरपंच राम प्रकाश पुरोहित राजेश बोहरे कमलेश बोहरे सीताराम चौधरी राजवीर चौधरी पिंटू मुखिया दिलीप तिवारी वीरेंद्र तिवारी रामअवतार बोहरे रामाधीन जी बलराम जी सीताराम जी राम सिया जी सुरेंद्र यादव लाला श्रीवास राम अवतार यादव राम लखन यादव शिवनाथ प्रजापति बनवारी कुशवाहा अंगद ठाकरे एवं क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित थे इस अवसर पर आचार्य बृजमोहन पुरोहित द्वारा बताया गया की प्रतिवर्ष इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाएगा।



# सभी की खुशहाली के लिये चार दिवसीय पदयात्रा पर निकले ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### यात्रा के दौरान जन चौपाल लगाकर करा रहे हैं आमजन की समस्याओं का निराकरण

### कोटेश्वर महादेव से आशीर्वाद लेकर माँ पीताम्बरा माई शक्तिपीठ की पूर्जा अर्चना करने निकले श्री तोमर





ग्वालियर। चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर प्रदेश की खुशहाली एवं आम जन की समस्याओं के समाधान के पुनीत उद्देश्य को लेकर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सोमवार को चार दिवसीय पदयात्रा पर निकले। इस चार दिवसीय पदयात्रा के तहत मंत्री श्री तोमर माँ पीताम्बरा शक्तिपीठ दतिया पहुँचकर सभी की समृद्धि के लिये पूर्जा-अर्चना करेंगे। उन्होंने इस चार दिवसीय पदयात्रा का शुभारंभ कोटेश्वर मंदिर पर पूजा अर्चना कर किया।


यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की मंशा के अनुरूप समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम छोर पर ख? व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुँचाने के उद्देश्य से हमने यह यात्रा शुरू की है। इस दौरान विद्युत समस्या निवारण शिविर भी लगाये जा रहे हैं। कोटेश्वर मंदिर से पदयात्रा की शुरूआत के अवसर पर दंदरौआ धाम के मंहत जी, संतश्री कृपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, जीडीए के पूर्व अध्यक्ष श्री अभय चौधरी तथा श्री किशन मुदगल सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधगण एवं पदयात्रा में साथ जा रहे नागरिक उपस्थित रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश व जिले की सुख-समृद्धि और स्वच्छता को ब?ावा देने के उद्देश्य से यह पदयात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कोटेश्वर मंदिर के प्रांगण में उपस्थित जन समूह को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया। सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि पदयात्रा के दौरान कचरा रोड पर नहीं फेंकेगे, कचरागा?ी में ही डालेंगें। उन्होंने कहा कि अपने बेटा बेटी के अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य व अच्छे वातारण के लिये भी माँ पीताम्बरा माई से प्रार्थना करेगें। पदयात्रा पहले दिन कोटेश्वर मंदिर से शुरू होकर घासमंडी, किलागेट, हजीरा, पडाव व चेतकपुरी होते हुए रीजेंसी गार्डन पहुँची। यहाँ पर मंत्री श्री तोमर ने जन चौपाल लगाकर आमजन की विद्युत की समस्याओं को सुना। जन चौपाल में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जमीन पर बैठकर आमजन की समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित निराकरण के लिये विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। पदयात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। पूरी पदयात्रा माता के जयकारों से गूंज रही थी।

इसके बाद पदयात्रा एम्पायर रिसोर्ट में पहुंची, जहां जन चौपाल लगाकर आमजन की विद्युत समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया तथा पदयात्रा का रात्रि विश्राम एम्पायर रिसोर्ट में किया गया। दूसरे दिन की पदयात्रा एम्पायर रिसोर्ट से प्रारंभ होकर जुरासिक पार्क पर पहुँचेगी, जहां जन चौपाल लगाकर आमजन की समस्याओं को सुना जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### निगम प्रशासक एवं निगमायुक्त ने की नागरिकों से स्वच्छता में सहयोग की अपील



ग्वालियर। संभागीय आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में घूमकर निरंतर मॉनीटरिंग करने एवं आमनागरिकों को स्वच्छता में सहयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में निरंतर मॉनीटरिंग करें व भ्रमण करते रहें और क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ घर-घर में नागरिकों से स्वच्छता में सहयोग के लिए अपील करें। इसके साथ ही आमनागरिकों को गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें बताएं कि गीला व सूखा कचरा को अलग अलग कैसे किया जाता है। कौन सा कचरा गीले कचरे के डस्टबीन में रखना है और कौन से कचरा सूखे कचरे के डस्टबीन में रखना है। निगमायुक्त श्री कन्याल ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि आप अपने घर से ही सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके देगें तो निगम अमला कम समय में अधिक कार्य कर सकेगा और हमारा शहर ग्वालियर स्वच्छता में अच्छी रैंकिंग प्राप्त कर सकेगा। इसके साथ ही शहर के नागरिकों को 3 आर मार्ट के बारे में बताए हुए कहा कि अपने घर में जो भी सामान पुराना हो गया हो, काम का न हो तो उसे फेंकने के बजाए आप अपने क्षेत्रीय कार्यालय के 3 आर मार्ट पर ले जाकर दे सकते हैं जिससे उससे अन्य प्रकार के उपयोगी उत्पाद स्व सहायता समूह द्वारा बनाए जा सकें।

**निगमायुक्त ने की गर्मी में जलसेवा करने की अपील**

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शहर के आम नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के दिन आ गए हैं तथा भीषण गर्मी में राहगीरों को साफ, स्वच्छ व शीतल जल मिल सके इसके लिए आम नागरिक भी जलसेवा के लिए आगे आएं और अपने घर-दुकान के बाहर कुछ लोगों के साथ मिलकर प्याउ लगा सकते हैं।

# एंटी माफिया अभियान की कार्रवाई को और तेज करें : कलेक्टर श्री सिंह



### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में दिए निर्देश

ग्वालियर। एंटी माफीया अभियान की कार्रवाई को और तेज करे । कार्रवाई ऐसी हो जिससे समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचे और माफियाओं व असामाजिक तत्वों में खौफ पैदा हो । इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय दण्ड अधिकारीयों को दिए । कलेक्टर श्री सिंह ने कहा ब?-ब? भू-माफियाओं, खनिज माफिया मिलावटखोरों, शराब माफिया, चिटफंडियों, दूसरे की सम्पत्तियों पर जबरन कब्जा करने वालो, महिला अपराध व अन्य गंभीर अपराधों में लिप्त असामाजिक तत्वों की अवैध संपत्तियाँ जब्त कर कठोर कार्रवाई करें।

सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई से कानून व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ अपराध पर भी नियंत्रण होता है। इसलिए एंटी माफिया अभियान को पूरी गंभीरता के साथ अंजाम दिया जाए। बैठक में जानकारी दी गई पिछले दो महीनों के दौरान भू-माफियाओं के खिलाफ 48 कार्रवाई कर 14 एफआईआर दर्ज की गई है । इसी तरह 8 मिलावटखोरों व राशन वितरण में ग?बडी करने वाले 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई हैं।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले व श्री एच बी शर्मा, जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### कोई भी एएनएम अटैच न रहे

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय पर कोई भी एएनएम अटैच न रहे। संलग्न सभी एएनएम को तत्काल भारमुक्त करें। जो एएनएम अपने कर्तव्य स्थल पर न पहुँचे उनके खिलाफ निलंवन की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा की मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए नियमित टीकाकरण के लिए एएनएम का मुख्यालय पर रहना जरूरी है।

### बगैर पहचान पत्र व शुल्क के किसी को विश्राम गृह में न रुकवाएँ

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जोर देकर कहा कि जिले के सरकारी विश्राम गृहों में पहचान पत्र कि काँपी लेने के बाद ही आगुंतकों को ठहरने की अनुमति दें । साथ ही लोकनिर्माण विभाग के प्रावधानों के तहत शुल्क भी लिया जाए। उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण व सत्कार अधिकारी को निर्देश दिए कि इस काम में कोई ढिलाई न हो। साथ ही विश्राम गृह में यदि किसी को 3 दिन से अधिक ठहरना हो तो इसके लिए कलेक्टर से लिखित अनुमति ली जाए।

# सीआरपीएफ के 50 जवानों ने किया रक्तदान

### ग्रुप केन्द्र में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन




ग्वालियर। देश की आंतरिक सुरक्षा में अहम योगदान देने के साथ-साथ सीआरपीएफ (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवान पीड़ित मानवता की सेवा में भी आगे रहते हैं। सीआरपीएफ के ग्वालियर समूह केन्द्र में सोमवार को आयोजित हुए रक्तदान शिविर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के समूह केन्द्र एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय ग्वालियर और 244 बटालियन के 50 जवानों द्वारा रक्तदान किया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्च व पुलिस महानिरीक्षक श्री पी के पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए राक्तदान शिविर की अध्यक्षता समूह केन्द्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार ने की।

# बंगाली बस्ती मुरार क्षेत्र में समावेशी शिक्षा ( दिव्यांग सामान्य एवं प्रोड) के अंतर्गत नवीन पाठशाला का प्रारंभ



ग्वालियर शहर में शिक्षा एवं समाज के उपकिंग विकास लिए कार्य कर रही सेवार्थ पाठशाला द्वारा मुरार क्षेत्र में बंगाली बस्ती जो कि एक निम्न आय वर्ग एवं झुग्गी झोपड़ी वाला क्षेत्र है वहां श्री देव सिंह कुशवाहा एवं श्री रामेश्वर राठौड़ जी के सहयोग से बंगाली बस्ती में एक नवीन पाठशाला प्रारंभ की गई पाठशाला का उद्देश्य शिक्षा सबके लिए के अंतर्गत प्रौढ़ महिला एवं पुरुष एवं लुई ब्रेल हॉस्टल दृष्टिबाधित छात्रों एवं सामान्य बच्चों को एक साथ एक तरह की शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्वालियर शहर के एसएसपी श्री अमित सांघी जी अध्यक्षता मजदूर सेवा और पाठशाला के संरक्षक श्री ओ पी दीक्षित जी के सानिध्य में संपन्न हुआ एसएसपी महोदय ने अपने वक्तव्य में बताया कि बच्चों को और जो मौजूद या उनके अभिभावक उनकी जिम्मेदारी बनती है कि अपने बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें अच्छी शिक्षा बच्चों में उनके दुर्गुणों को दूर करती है आप की कोशिश बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भेजने के लिए प्रयासरत रहें इस कार्यक्रम में स्थानीय संचालक श्री शिक्षक आर एस राठौर जी सभी पाठ शालाओं के संयोजक भूतपूर्व सेना अधिकारी मनोज पांडे यूको बैंक से सेवानिवृत्त श्री मोहनलाल जी बस्ती में रहने वाले एवं आसपास के क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद थे।

### भाजपा का स्थापना दिवस भव्यता और उत्साह के साथ हर मतदान केंद्र में मनाया जाएगा- माखीजानी

#### प्रधानमंत्री मोदी कार्यकर्ताओं को लाइव प्रसारण के माध्यम से संबोधित करेंगे

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस दिनांक 6 अप्रैल को भाजपा कार्यकर्ता ग्वालियर जिले के सभी 944 मतदान केंद्रों में उत्साह और उल्लास के साथ मनाएंगे। हर घर को भाजपा का घर बनाएंगे, केंद्र और प्रदेश सरकार की लोकलुभावन योजनाओं से हर घर को जो?ते हुए भाजपा का ध्वज लहराएंगे। जिला एवं मंडल मुख्यालयों के अलावा मतदान केंद्र स्तर पर भी भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। उक्त बात आज भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मंच पर जिला महामंत्रीगण राजू सेंगर, विनोद शर्मा, रामेश्वर भदौरिया मौजूद थे। श्री माखीजानी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी लाइव प्रसारण के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करेंगे और अपना उद्बोधन देंगे जिसे सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मतदान केंद्र स्तर पर सुनेंगे।

# निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, विभिन्न स्थानों पर देखी सफाई व्यवस्था



ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सोमवार को प्रातःकालीन निरीक्षण के दौरान दीनदयाल नगर पहुंचकर जलप्रदाय व्यवस्था का जायजा लिया, साथ ही दुकान के बाहर गंदे डस्टबिन मिलने पर दुकानदार पर नाराजगी जाहिर करते हुए साफ डस्टबिन रखने की समझाइश भी दी। साथ ही दुकान से पॉलिथीन जप्त की गई। इसके साथ ही महाराजपुरा में ग्राम रसूलपुर पर जलप्रदाय व्यवस्था का जायजा लिया। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 18 में साफ सफई ठीक मिली तथा और अच्छी व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कचरा वाहन भेजने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान स?क पर सफाई कर रही महिला सफाई कर्मी से मिलने पैदल चल कर पहुँचे और महिला सफाई कर्मी से बातकर सफाईकर्मियों की समस्याओं के बारे में जाना तथा अपने शहर ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान अन्य स्थानों पर सफाई व्यवस्था को देखा और सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों को निरीक्षण किया तथा सभी पर आवश्यक सुविधाएं व व्यवस्थाएं मिलने पर इसी प्रकार की व्यवस्थाएं निरंतर रखने के निर्देश दिए।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478